संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -273 शुक्रवार , 04 अगस्त 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# लोकसभा में पेश हुआ डाटा प्रोटेक्शन बिल

**» उल्लंघन पर लगेगा करोड़ों रुपये का जुर्माना**



**नई दिल्ली ,03 अगस्त 2023 (ए)।** गुरुवार को लोकसभा में आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2023 पेश किया। बता दें कि यह बिल सरकार द्वारा पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल वापस लेने के ठीक एक साल बाद पेश किया गया है। व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा के लिए रूपरेखा तैयार करने का सरकार का दूसरा प्रयास है। एक अगस्त को आईटी और कम्युनिकेशन पर संसदीय स्थायी समिति ने डीपीडीपी बिल का समर्थन करते हुए एक रिपोर्ट पेश की थी। डीपीडीपी विधेयक को या तो संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किया जा सकता है और फिर इसे कानून का रूप दिया जा सकता है। मतदान से पहले विधेयक का संसदीय समिति द्वारा आगे अध्ययन किया जा सकता है।

डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2023 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि सरकार इस बिल के जरिए सरकार कानून और निजता के अधिकार को कुचलने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बिल को स्थायी समिति या किसी अन्य मंच पर चर्चा के लिए भेजा जाना चाहिए। इस बिल का एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी समेत तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत राय और कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भी विरोध किया।इस बारे में केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर का कहना है कि निश्चित रूप से विधेयक पर विचार करने के लिए किसी समिति की आवश्यकता नहीं दिखती, क्योंकि विधेयक पर व्यापक परामर्श किया गया है। विधेयक और यह पूरा विचार या नागरिकों की सुरक्षा की पूरी अवधारणा संसद की एक संयुक्त समिति के माध्यम से आगे बढ़ी है। हम विधेयक के संबंध में पहले ही बहुत देर कर चुके हैं और इस विधेयक में और देरी नहीं की जा सकती क्योंकि यह ऐसा करने वाले कई प्लेटफार्मों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के दुरुपयोग को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि इतने महत्वपूर्ण विधेयक को पेश किये जाने के विरोध में विपक्षी दल जिस तरह खड़े हो गए, वह अत्यंत रहस्यमय और समझ से परे लगता है।

**बिल में क्या है ?**

इस विधेयक का उद्देश्य इंटरनेट कंपनियों, मोबाइल ऐप और व्यावसायिक घरानों आदि को गोपनीयता के अधिकार के तहत नागरिकों के डेटा को इकट्ठा करने, उनका भंडारण करने और उसके इस्तेमाल को लेकर अधिक जवाबदेह बनाना है। सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला सुनाते हुए कहा था कि निजता का अधिकार एक मौलिक अधिकार है, जिसके बाद डेटा प्रोटेक्शन बिल पर काम शुरू हुआ। सरकार के मुताबिक इस बिल के पारित होने के बाद सोशल मीडिया और अन्य कंपनियों द्वारा भारतीय नागरिकों के डेटा का इस्तेमाल करने संबंधी मनमानी खत्म हो जाएगी। साथ ही ऐसा करने पर इन कंपनियों पर भारी जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

## जाति जनगणना का मामला फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती**

**नई दिल्ली ,03 अगस्त 2023(ए)।**बिहार में जाति-आधारित सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने वाले पटना उच्च न्यायालय के हालिया आदेश के खिलाफ गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई।याचिकाकर्ताओं में से एक, अखिलेश कुमार ने वकील तान्या श्री के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की है, जिसमें मंगलवार को पारित उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। पटना उच्च न्यायालय ने 1 अगस्त को पारित अपने फैसले में कई याचिकाओं को खारिज करते हुए, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को




बिहार में जाति-आधारित सर्वेक्षण के लिए हरी झंडी दे दी। इससे पहले 4 मई को उसने सर्वेक्षण पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था जो 7 जनवरी को शुरू हुआ था और 15 मई को पूरा होने वाला था।

## मानसा जिले से जुड़े नूंह हिंसा के तार

# पंजाब नंबर की गाड़ी दंगाइयों को कर रही थी लीड

**नूंह ,03 अगस्त 2023 (ए)।** हरियाणा के नूंह में शोभायात्रा के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। हिंसा की आग गुरुग्राम से लेकर दिल्ली तक पहुंच चुकी है। इस मामले में हरियाणा पुलिस ने अभी तक 100 से अधिक लोगों को हिरासत में भी ले लिया है। इसी बीच नूंह हिंसा के तार पंजाब से जुड़ते हुए नजर आ रहे है।



पुलिस ने खुलासा करते हुए कहा कि पंजाब नंबर की एक गाड़ी दंगाइयों को लीड कर रही थी। क्क 31 ड्ड 4831 नंबर की हुंडई वेन्यू कार से कुछ लोग दंगा कर रहे एक विशेष समुदाय के लड़कों को लीड कर रहे थे। जानकारी के अनुसार यह कार मानसा जिले के निर्मल सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद की 'शोभा यात्रा' के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इस सांप्रदायिक हिंसा में अब तक छह लोगों के मौत हो चुकी है। अंजुमन मस्जिद में आग लगा दी गई है और एक इमाम की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

नूंह जिले में अभी भी हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर केंद्रीय फोर्सेज की 14 टीमें भी तैनात की है। पलवल में तीन और गुरुग्राम, फरीदाबाद में सेंट्रल फोर्सेज की एक-एक टीम तैनात है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि नूंह में इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरएफ) के 1000 कर्मियों की तैनाती की जाएगी।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को दिया झटका



**प्रयागराज ,03 अगस्त 2023 (ए)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वे करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अदालत का कहना है कि इस सर्वे से किसी को नुकसान नहीं है। इसलिए यह जारी रहेगा। न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर की एकल पीठ ने यह फैसला गुरुवार को सुनाया।

अदालत ने सर्वे पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि न्याय के लिए यह सर्वे जरूरी है। कुछ शर्तों के साथ इसे लागू करने की जरूरत है। सर्वे करें, लेकिन बिना खुदाई किए। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एएसआई से सुनवाई खत्म होने तक मस्जिद का सर्वे शुरू न करने को कहा था। जुलाई के अंतिम सप्ताह में कोर्ट में दोनों पक्षों की तरफ से लगातार दो दिन बहस चली थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 27 जुलाई को अपने फैसले को रिजर्व कर लिया था। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने हाईकोर्ट के फैसले पर कहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई को सर्वे करने के लिए कहा है। हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के फैसले को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए भी कहा है। कोर्ट ने सर्वे को मंजूरी दे दी है। एएसआई ने अपना हलफनामा दे दिया है। कोर्ट का आदेश आ गया है, ऐसे में अब कोई सवाल नहीं बनता है। हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की दलीलों को खारिज किया है।

गौरतलब है कि वाराणसी के जिला जज द्वारा ज्ञानवापी सर्वेक्षण की अनुमति देने वाले आदेश को अंजुमन इंतजामिया मसाजिद ने चुनौती दी थी। मुस्लिम पक्ष की ओर से दाखिल याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की एकल पीठ ने सुनवाई की।

कोर्ट में दलील देते हुए मुस्लिम पक्ष के वकील एसएफए नकवी ने असमायिक अदालती आदेश के जरिये ज्ञानवापी के वैज्ञानिक सर्वेक्षण से ज्ञानवापी के मूल ढांचे को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई थी। उन्होंने यह भी कहा था कि अयोध्या के बाबरी मस्जिद विध्वंस का दंश देश ने झेला है। सिविल वाद में पोषणीयता का बिंदु तय किये बिना जल्दबाजी में सर्वेक्षण और खोदाई का फैसला घातक हो सकता है।

हालांकि एएसआई ने मुस्लिम पक्ष की दलील को सिरे से खारिज करते हुए कहा था कि सर्वेक्षण के लिए अपनाई जाने वाली तकनीक से ज्ञानवापी की मूल संरचना को खरोंच तक नहीं आयेगी। जबकि, हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन और सौरभ तिवारी का कहना था कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण के जरिए वो ज्ञानवापी की सच्चाई सामने लाना चाहते है।

## तीन दिनों में एयर इंडिया एक्सप्रेस की तीसरी फ्लाइट में आई खराबी

**कोच्चि ,03 अगस्त 2023 (ए)।** तीन दिनों में एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक और उड़ान में खराबी आने की सूचना मिली है। 170 यात्रियों के साथ विमान ने केरल के कोच्चि हवाई अड्डे से शारजाह के लिए उड़ान भरी, लेकिन 45 मिनट बाद वापस लौट आया।

फ्लाइट बुधवार रात करीब 10.30 बजे कोच्चि एयरपोर्ट से रवाना हुई और तुरंत बाद लौट आई। 170 यात्रियों को शारजाह जाने वाली अन्य उड़ानों में बिठाया गया।

इसके पहले सोमवार को दोपहर से ठीक पहले, बहरीन जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान ने तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे से अपनी उड़ान रद्द कर दी। उसी दिन, एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक और उड़ान जो तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से रवाना हुई और शारजाह के लिए जा रही थी, तकनीकी खराबी के कारण तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर उतरी।

तीन दिनों के अंतराल में एयर इंडिया एक्सप्रेस की तीन उड़ानों में तकनीकी खराबी आ गई।

## सीएम गहलोत ने बेटे को बचाने के लिए लांघ दीं सारी मर्यादाएं:गजेंद्र सिंह शेखावत



**जोधपुर ,03 अगस्त 2023 (ए)।** पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के लाल डायरी के तीन पेज जारी करने के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधा। शेखावत ने कहा कि अशोक गहलोत जी ने अपने बेटे को बचाने के लिए सारी मर्यादाएं लांघ दी हैं। लाल डायरी में लिखे गए तथ्यों को खारिज नहीं किया जा सकता।

सिलसिलेवार ट्वीट्स में शेखावत ने कहा कि आरसीए चुनाव में लेन-देन की बातें जिस तरह से लिखी गई हैं, कोई इस तरह का काल्पनिक घटनाक्रम नहीं रच सकता, यानी डायरी के तथ्य फर्जी नहीं हैं। डायरी बता रही है कि वैभव गहलोत आरसीए चुनाव के लेन-देन में शामिल रहे और इसलिए सीएम साहब को इसके सामने आने की चिंता थी। गुढ़ा जी के बताए एक-एक तथ्य की जांच होनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने लाल डायरी के पन्ने सामने लाकर एक सच तो साबित कर दिया कि गहलोत जी ने विधानसभा में गुंडागर्दी क्यों कराई? डायरी में उनके बेटे वैभव गहलोत का भी नाम है। सीएम साहब ने अपने बेटे का राजनीतिक करियर बनाने के लिए सारे हथकंडे अपनाए हैं, हो सकता है डायरी में इससे जुड़े राज छिपे हों, तभी तो उन्हें डर लग रहा है।शेखावत ने यह भी कहा कि लाल डायरी इस समय का सबसे बड़ा मुद्दा है। गहलोत जी के खास रहे राजेंद्र गुढ़ा जैसे खुलासे कर रहे हैं, उससे राज्य सरकार की लोकतांत्रिक नैतिकता पर सवाल उठ रहा है। जनता सोच रही है इतनी हेर-फेर करने वाला राज्य का मुखिया कैसे बना रह सकता है। केंद्रीय मंत्री ने तंज कसा कि गहलोत जी इस्तीफा नहीं देने वाले, लेकिन कांग्रेस आलाकमान क्या कर रहा है? क्या गहलोत जी के पास भी गांधी परिवार की कोई डायरी है, जिसके कारण इतनी फजीहत के बाद भी वे पद पर बने हुए हैं?

## नितिन गडकरी समेत कई नेताओं ने की नाराज बिरला को मनाने की कोशिश



**सदन में आने का किया आग्रह**

**नई दिल्ली ,03 अगस्त 2023 (ए)।** सदन में सांसदों के हंगामे से नाराज होकर लोक सभा में नहीं आ रहे लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को सरकार और विपक्ष के कई नेताओं ने मिलकर मनाने की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, लोक सभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी एवं गौरव गोगोई, एनसीपी की सुप्रिया सुले,आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, बसपा के रितेश पांडे, टीएमसी के सौगत रॉय, डीएमके की कनिमोझी और भाजपा के राजेंद अग्रवाल सहित अन्य कई दलों के नेताओं ने भी लोक सभा स्पीकर बिरला से मुलाकात कर उनसे सदन में आकर सदन की कार्यवाही का संचालन करने का आग्रह किया।आपको बता दें कि, लोक सभा के अंदर सांसदों द्वारा लगातार वेल में आकर नारेबाजी करने, हंगामा करने और सदन की कार्यवाही के लाइव प्रसारण के दौरान टीवी पर दिखाने की मंशा से सदन में मंत्रियों के सामने प्लेकार्ड लहराने से नाराज लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी सदन की कार्यवाही का संचालन नहीं किया।

गुरुवार को सुबह 11 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने पर सदन का संचालन करने के लिए पीठासीन सभापति राजेन्द्र अग्रवाल सदन में आए। उन्होंने जैसे ही सदन में प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू की, लोक सभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सदन में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को बुलाने की मांग करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही जब शुरू हो तो पीठासीन के पद पर वे स्पीकर साहब ( ओम बिरला) को देखना चाहते हैं।

# तो आखिर.! किसकी शह पर राजू सिंह तोड़ रहा कायदे

**जिम्मेदार बने अनजान,दिया मौन स्वीकृति का अभयदान**

**कानून बनाने वालों ने ही कानून को ठेगा दिखा दिया है और जिन लोगों ने प्रदेश की बागडोर संभाल रखी है वो ही उद्योगपतियों,आईएएस,आईपीएस अफसरों और खद्दरधारियों की फिरंगी बन गए हैं...इन दिनों जिले की सबसे बड़ी विद्युत इकाई मोजर बीयर इन दिनों सुर्खियों में है...जिसे खाक में मिलाने का काम कोई और नहीं बल्कि मंत्री से लेकर संत्री तक कर रहे हैं...वहीं परिवहन नियमों को ठेंगा दिखाते हुए एक बार फिर राखड़ का कारोबार बेखौफ शुरू हो गया है...**

-अरविन्द द्विवेदी-

**अनुपपुर,03 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।** जिले के जैतहरी में संचालित विद्युत परियोजना में लगभग 1200 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। विद्युत उत्पादन के बाद कोयले से निकली राखड़ प्रदेश के विभिन्न सीमेंट फैक्ट्रियों में भेजी जा रही है। नियमों की अगर बात की जाए तो 14 चक्के के बल्करों में परिवहन नियमों के तहत 42 टन राखड़ लोड की जानी चाहिए जबकि 18 चक्के में 45 टन एवं 22 चक्के में 52 टन से ज्यादा राखड़ लोड नहीं होनी चाहिए। लेकिन परिवहन के नियमो की बात कौन करें यहां तो नियमों को तोड़कर एक बार फिर बेहिचक, बेझिझक ओव्हर लोड का सिलसिला शुरू हो चुका है।

**पैसा बोलता नहीं, गूंगा बना देता है...**

ऐसा नहीं है कि राखड़ के ओव्हर लोडिंग की जानकारी प्रदेश के ऊर्जा मंत्री या प्रमुख सचिव या फिर एमडी जनरेशन या फिर जिले के विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री बिसाहू लाल, जिले के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को राखड़ के ओव्हर लोड की जानकारी नहीं है। कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के द्वारा मामला उठाने के बाद लगभग 15 दिनों तक तो ताप विद्युत परियोजना से राखड़ की ओव्हर लोडिग का सिलसिला थमा रहा और अधिकारी अपनी ईमानदारी का गुणगान करते रहे। किंतु एक बार फ़िर बल्करों की ओव्हर लोडिग को लेकर यातायात प्रभारी जमकर वसूली का कार्य कर रहे हैं जिन्होंने शहडोल से सबक लेना भी मुनासिफ नहीं समझा है। शायद उनका मूल उद्देश्य अपने व्यक्तिगत हितों को साधना मात्र रह गया है।

**मौन स्वीकृति न बन जाए मौत का कारण...**

जैतहरी स्थित मोजर बियर प्लांट से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में राखड़ से भरे अधिकांश भारी वाहन बिना उसे ढके शहर से धमाचौकड़ी करते गुजरते रहते हैं, लेकिन जिम्मेदारों को ना तो यह ओवरलोड वाहन नजर आते हैं और ना ही बिना तिरपाल लगे दौड़ते डंपर। हवा के कारण राखड उड़ता है और इन वाहनों के पीछे चलने वाले बाइक चालकों के लिए खतरा तो है ही, साथ ही इससे प्रदूषण भी फैलता है। तेज गति से दौड़ रहे बिना तिरपाल लगे ओवरलोड वाहनों से जहां वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ जाता है वही उन वाहनों के पीछे चलने वाले तथा रास्तों पर गुजर रहे आसपास



रहवासियों को भी खतरा उत्पन्न होता है। लेकिन प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करने से इनके हौसले बुलंद है।

**मातहत के दम पर राजू बन गया जेंटलमैन...**

ताप विद्युत परियोजना के जिम्मेदारों ने तो अपनी ईमानदारी का दावा प्रस्तुत किया था और राखड़ के ओव्हर लोड नहीं जाने देने की बात कहीं थी। वहीं पुलिस अधीक्षक अपनी पद स्थापना से लेकर अब तक के कार्यकाल को बेदाग बताते हुए ईमानदारी के लंबे-चौड़े कसीदे लगातार पढ़ रहे हैं किंतु उनके मातहत ही उनकी छवि को बदनाम करते नज़र आ रहे हैं। सूत्रों की अगर माने तो राखड़ के ओव्हर लोड का प्रमुख कारोबारी राजू सिंह ताप विद्युत परियोजना से ओव्हर लोड राखड़ ले जाने का कम कर रहा है और इस पूरे खेल में राजू सिंह का खेल जारी है और वो प्लांट के अंदर घुसकर ओव्हर लोड वाहनों को भेजने का काम कर रहा है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने ठोस कार्यवाही का आश्वासन जरूर दिया था लेकिन उनका यह आश्वासन कहां गुम हो गया यह समझ से परे हैं।

**नियमों को धता बता बेखौफ दौड़ रहे वाहन**

वर्तमान समय में नियमों को धता बताते हुए राखड़ से भरे ओवरलोड वाहन सड़को पर बेखौफ दौड़ रहे हैं लेकिन प्रशासन की नजर अब तक इन पर नहीं पड़ी है। यही कारण है कि यह वाहन बेरोकटोक 24 घंटे नगर के मुख्य मार्ग से आवाजाही कर रहे हैं जबकि अन्य वाहनों के लिए प्रशासन शक्ति दिखाती है। यही कारण है कि ये वाहन अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। जबकि समय-समय पर नगर वासियों द्वारा शासन प्रशासन से इस संबंध में कठोर कार्यवाही का निवेदन किया जाता रहा है। लेकिन ना जाने किसके डर अथवा शह के कारण इन वाहनों के चालान तो दूर की बात, रोक कर इनसे ओवरलोड अथवा नियमों का पालन करने के बारे में पूछने तक की जहमत नहीं उठाई जाती।

**चंद सिक्कों के फेर में जिम्मेदार बने अंधे**

राखड़ से भरे ओवरलोड हाईवा फर्राटा मारकर नियम और कायदों को रौंदते हुए धड़ल्ले से निकल रहे हैं। वहीं कानून के रखवाले सिर्फ अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। जबकि इससे सड़क उखड़ रही है, जिससे शासन को करोड़ों की क्षति हो रही है जो जनता की खून-पसीने की कमाई है। 24 घंटे फराटे मारकर चलती ओवर लोडिंग गाड़ियां जिले के सड़कों को बदहाली तक पहुंचा रही है। ऐसा नहीं है कि फराटे मारकर राखड़ से लदी ओवरलोड गाड़ियों के बारे में कोई नहीं जानता, या यूं कहे कि इन ओवरलोड वाहनों को अपनी मौन स्वीकृति देते हुए अधिकारी अनजान बने बैठे हैं। जिसके कारण रात-दिन जिले की सड़कों पर पाराशर की गाड़ियां छाती चीरकर ओवरलोडेड बेखौफ दौड़ रही है और राजू सिंह के चंद सिक्को के फेर में जिम्मेदारों ने आंखे फेर रखी है।

## लड़की को कोयले की भट्टी में डालकर जलाया

**जयपुर,03 अगस्त 2023 (ए)।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में 14 वर्षीय एक लड़की को कोयले की भट्टी में जला दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लड़की को जलाने से पहले सामूहिक दुष्कर्म की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है। घटना के सिलसिले में राजस्थान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात का है। सूचना मिलने पर चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़िता के बड़े भाई के मुताबिक लड़की 8 बजे बकरियों को लेकर घर से निकली थी। बकरियां दोपहर 3 बजे के आसपास लौट आई, लेकिन उसकी बहन नहीं लौटी। गांव में सभी रिश्तेदारों के घरों और खेतों में काफी खोजबीन के बाद भी परिवार को वह नहीं मिली। रात करीब 8 बजे ग्रामीणों ने गांव के बाहर कैंप में कोयला बनाने की भट्ठी देखी, तो तलाश फिर शुरू हुई।



## संपादकीय

### हद पार करता उन्माद

दरअसल, समस्या यही है कि देश में बना मौजूदा माहौल कानून-व्यवस्था की इक्का-दुक्का समस्याओं का परिणाम नहीं है, बल्कि उसके पीछे एक राजनीतिक मकसद के संकेत आसानी से ढूंढे जा सकते हैं।

यह इतिहास-सिद्ध समझ है कि अगर किसी देश या समाज को उन्माद में उलझा दिया जाए, तो फिर उसे किसी दुश्मन की जरूरत नहीं रह जाती है। जब लोगों का एक बड़ा हिस्सा हर पल हिंसक सोच में उलझा रहे और उनमें से कुछ गाहे-बगाहे असल में हिंसा करने पर उतर आएं, तो जो माहौल बनता है, उसके बीच शांति, प्रगति, विकास आदि जैसी बातों के लिए कोई गुंजाइश नहीं बचती। दुर्भाग्य से भारत उसी दौर में प्रवेश करता दिख रहा है। उससे भी बड़े दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन लोगों को देश की जनता ने राजकाज चलाने का दायित्व सौंपा है, वे ऐसी घटनाओं की निंदा करना तो दूर, कई बार उसे स्वीकृति प्रदान करते नजर आते हैं। उसका ही नतीजा जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई अत्यंत दुखद घटना है। देश में कुछ 'पाकिस्तान से संचालित होते हैं' और अगर यहां रहना है, तो किन्हीं खास नेताओं को ही वोट देना होगा, अगर ये बातें गोलियां दाग कर कही जाने लगें, तो फिर यही कहा जाएगा कि नफरत का उन्माद हद पार करने लगा है।

अधिक दुखद यह है कि ऐसी भावनाएं सुरक्षाकर्मियों में प्रवेश करने लगी हैं, जिन पर देश में शांति और संवैधानिक व्यवस्था की रक्षा की बड़ी जिम्मेदारी है। जिस रोज यह घटना हुई, उसी दिन हरियाणा के नूह में एक धार्मिक यात्रा निकाल रहे लोगों की इस जिद से दंगा भड़क गया कि दूसरे समुदाय के लोग उनका स्वागत करें। इसके एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश के बरेली में एक अन्य धार्मिक यात्रा में शामिल लोगों ने दूसरे धर्म के पवित्र स्थल के सामने से गुजरने की जिद की, तो वहां जिन पुलिस अधिकारी ने अपना कर्त्तव्य निभाया, दंडित करते हुए उनका ही तबादला कर दिया गया। यह सब उस समय हो रहा है, जब मणिपुर में नस्लीय विभाजन गृह युद्ध जैसी स्थिति बना चुका है। वहां जो हुआ, उसके पीछे राजनीतिक परियोजना के संकेत ढूंढना कठिन नहीं है। दरअसल, समस्या यही है कि देश में बना माहौल कानून-व्यवस्था की इक्का-दुक्का समस्याओं का परिणाम नहीं है, बल्कि उसके पीछे एक राजनीतिक मकसद के संकेत आसानी से ढूंढे जा सकते हैं।

# धंधा गैरकानूनी होगा पर जीएसटी कानूनी लगेगा !

**जीएसटी काउंसिल की 51 वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनों,हॉर्स रेसिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी पर मोहर-1 अक्टूबर 2023 से लागू-6 माह बाद समीक्षा**

**सुनिए जी!सट्टा,जुआ,ऑनलाइन गेमिंग,कैसीनो,हॉर्स रेसिंग जीएसटी दायरे में तो आता है,परंतु यह उसे कानूनी नहीं बनाता ध्यान रखिएगा जी !**

वैश्विक स्तरपर अति तेजी से दुनियां की तीसरे नंबर की ओर बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था में 6 साल पहले जीएसटी लागू लागू हुआ था। यह एक इनडायरेक्ट टैक्स है। इसे वैराइटी ऑफ प्रीवियस इनडायरेक्ट टैक्स (वैट), सर्विस टैक्स, परचेज टैक्स, एक्साइज ड्यूटी और कई इनडायरेक्ट टैक्स को रिप्लेस करने के लिए 1जुलाई 2017 को लागू किया गया था। जीएसटी में 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार स्लैब हैं। हालांकि गोल्ड और गोल्ड ज्वेलरी पर 3 प्रतिशत टैक्स लगता है। जिसमें कलेक्शन जो पिछले कुछ माह से तेजी से बढ़ता जा रहा है

गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स से सरकार ने जुलाई 2023 में 1,65,105 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इसमें सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की ग्रोथ हुई है। जुलाई 2022 ये 1,48,995 करोड़ रुपए रहा था। जुलाई में लगातार पांचवीं बार ऐसा है कि रेवेन्यू कलेक्शन 1.6 लाख करोड़ से ऊपर गया है। इससे पहले जून में ये 1,61,497 करोड़ रुपए रहा था। हालांकि अब तक सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन अप्रैल 2023 में था, जब ये आंकड़ा 1.87 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया था। इसके अलावा लगातार 17 महीने से देश का जीएसटी कलेक्शन 1.4 लाख करोड़ रुपए से ऊपर बना हुआ है। इसका संचालन करने के लिए एक जीएसटी काउंसिल बनाई गई है जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री सहित सभी राज्यों के वित्तमंत्रियों सहित अनेक सदस्य प्रतिनिधियों के रूप में शामिल किए गए है। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से जीएसटी काउंसिल की 51 वीं बैठक में लिए गए निर्णय की चर्चा करेंगे

साथियों बात अगर हम 51 वीं जीएसटी काउंसिल की सभा की करें तो 2 अगस्त 2023 को देर रात समाप्त हुई जिसकी निम्नलिखित महत्वपूर्ण सिफारिशें मंजूर की गई जिसमें बैठक के बाद सीजीएसटी अधिनियम 2017 और आईजीएसटी अधिनियम 2017 में कुछ संशोधनों की सिफारिश की है, जिसमें सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की अनुसूची ढ्ढढ्ढ में संशोधन भी शामिल है। इसका उद्देश्य कैसीनो, हॉर्स रेसिंग और ऑनलाइन गेमिंग में आपूर्ति पर जीएसटी लगाने पर स्पष्टता लाना है। जीएसटी परिषद ने आईजीएसटी अधिनियम, 2017 में एक विशिष्ट प्रावधान जोड़ने की भी सिफारिश की है ताकि भारत में किसी व्यक्ति को ऑनलाइन मनी गेमिंग की आपूर्ति करने वाले भारत के बाहर स्थित आपूर्तिकर्ता पर भी जीएसटी का भुगतान करने के लिए देयता सुनिश्चित की जा सके। राजस्व सचिव ने कहा कि सट्टेबाजी पहले से ही जीएसटी के दायरे में है और यह इसे कानूनी नहीं बनाती। सट्टा और जुआ अवैध है और कर के दायरे में आता है। ऑनलाइन गेमिंग पर कर लगाने से प्रतिशत की उन राज्यों में ऑनलाइन गेम वैध नहीं हो जाएगी, जिन्होंने उन पर प्रतिबंध लगा रखा है। केंद्रीय वित्तमंत्री ने बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में बताया कि ऑनलाइन गेमिंग और हॉर्स रेसिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी की समीक्षा अगले छह महीने में की जाएगी। जीएसटी काउंसिल की बैठक के दौरान दिल्ली, गोवा और सिक्किम ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी के फैसले की समीक्षा करने की मांग की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग पर लगाए गए दांव के पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय 1 अक्तूबर से लागू किया जाएगा। जीएसटी काउंसिल 6 महीने बाद ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर 28 फीसदी जीएसटी लागू करने की समीक्षा करेगी!बता दें कि11 जुलाई, 2023 को जीएसटी काउंसिल ने अपनी 50वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, हार्स रेसिंग और कैसिनो पर 28 फीसदी जीएसटी वसूली के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो और हॉर्स रेसिंग में बेटिंग लगाने के फुल वैल्यू पर 28 फीसदी जीएसटी वसूला जाएगा। इस फैसले के बाद केंद्र और राज्यों के टैक्स अधिकारियों ने टैक्स वसूली के जुड़े ड्रॉफ्ट रूल्स तैयार कर लिए हैं। वित्तमंत्री ने बताया कि सेंट्रल जीएसटी कानून में संशोधन के प्रस्ताव को मानसून सत्र में ही संसद में पेश किया जाएगा। जीएसटी वसूली का फैसला एंट्री लेवल पर लगेगा ना कि जीते जाने वाले रकम पर। वित्तमंत्री स्पष्ट किया काउंसिल फेस वैल्यू पर जीएसटी वसूलने के फैसले पर कायम है।

साथियों बात अगर हम संबंधित संगठनों द्वारा 28 फीसदी के विरोध की करें तो, इससे पहले ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन जिसमें दिग्गज ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां है उन्होंने जीएसटी काउंसिल के इस फैसले को असवैधानिक करार दिया था। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री की इस फैसले पर सांसें टंगी हुई हैं। इंडस्ट्री में लगी हुई कंपनियों और संगठनों ने सरकार से जीएसटी रेट को कम करने की अपील की है। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के एक संगठन इंडियन गेमर्स यूनाइटेड की तहत टियर-2 और टियर-3 शहरों की गेमिंगकंपनियों ने वित्तमंत्री के नाम एक खुली चिट्ठी लिखी है और कहा है कि 28 फीसदी जीएसटी बहुत अधिक है और इससे अवैध तरीके से काम करने वाली गेमिंग कंपनियों को बढ़ावा मिलेगा। हाई टैक्सेशन के कारण अवैध गेमिंग और विदेशी मंचों को बढ़ावा मिलेगा, इनसे सरकार को कोई कर नहीं मिलेगा, लेकिन वैध गेमिंग कंपनियां बहुत बड़े संकट में फंस जाएंगी। संगठन ने जुआ जैसे किस्मत के खेल और गेमिंग जैसे स्किल वाले खेलों के बीच अंतर करने की भी वकालत की, इंडियन गेमर्स यूनाइटेड ने एक बयान में कहा कि गेमिंग एक कौशल आधारित गतिविधि है और इसे जुआ या घुड़दौड़ जैसे किस्मत वाले खेलों के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है। ऐसे में टैक्सेशन सिस्टम में इस बात का ध्यान रखे जाने की अपील की गई है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 3 दिसंबर 2020 को उच्चतम न्यायालय के फैसले की करें तो, उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में 3 दिसंबर 2020 को लॉटरी, जुआ और शर्त के खेल पर माल एवं सेवाकर (जीएसटी) की वसूली को सही करार दिया। न्यायालय ने कहा कि यह संविधान के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं करता और ना ही प्रतिकूल भेदभाव करता है। न्यायमूर्ति अध्यक्षता वाली पीठ ने स्किल लोडो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की याचिका को खारिज करते हुए केंद्रीय जीएसटी अधिनियम-2017 के तहत सरकार को लॉटरी पर कर लगाने के लिए सशक्त बनाने वाले प्रावधान को बरकरार रखा। इस पीठ में 2 न्यायमूर्ति और भी शामिल हैं। कंपनी ने अपनी याचिका में केंद्रीय जीएसटी कानून की धारा-2(52) के तहत माल की स्पष्ट व्याख्या करने की मांग की थी। साथ ही लॉटरी पर कर लगाने के संदर्भ में जारी की गयी अधिसूचनाओं पर भी स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया था। कंपनी ने अपनी याचिका में इसे संविधान के तहत व्यापार करने और समानता के अधिकार के संदर्भ में विभेदकारी और उल्लंघन करने वाला बताने की घोषणा करने की मांग की थी। न्यायालय ने कहा, अधिनियम की धारा-2(52) के तहत माल की परिभाषा संविधान के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन नहीं करती। ना ही यह अनुच्छेद 366(12) के तहत माल की परिभाषा सेटकराव पैदा करती है अनुच्छेद 366 के 12वें उपखंड के तहत बतायी गयी माल की परिभाषा में धारा-2(52) की परिभाषा निहित है। पीठ ने कहा, 'संसद के पास माल एवं सेवाकर के संदर्भ में कानून बनाने की पूरी शक्ति है।

साथियों बात अगर हम 31 जुलाई 2023 को आयकर रिटर्न सबमिट करने की आखिरी तारीख तक आइटीआर फाइल दाखिल होनें की करें तो, आयकर विभाग ने कहा है कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए कुल रिकॉर्ड 6.77 करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरे गए हैं। इसमें से 53.67 लाख लोगों ने पहली बार रिटर्न दाखिल किया है। विभाग ने मंगलवार को कहा, 2022-23 में 5.83 करोड़ की तुलना में इस बार 16.1 फीसदी ज्यादा रिटर्न भरे गए हैं। 31 जुलाई को कुल 64.33 लाख आईटीआर फाइल किया गया है। गौरतलब है कि नौकरीपेशा और उन लोगों के लिए 31 जुलाई अंतिम तारीख थी, जिनके खातों के ऑडिट की जरूरत नहीं होती है। विभाग ने कहा कि उसे 31 जुलाई, 2023 तक पहली बार रिटर्न दाखिल करने वालों से 53.67 लाख आईटीआर प्राप्त हुए, जो कर आधार के विस्तार का उचित संकेत है। 6.77 करोड़ आईटीआर में से 5.63 करोड़ रिटर्न का ई-सत्यापन किया गया है, जिनमें से 5.27 करोड़ से अधिक आधार-आधारित ओटीपी (94 फीसदी) के माध्यम से हैं। वहीं, ई-सत्यापित आईटीआर में से आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 3.44 करोड़ से ज्यादा आईटीआर को 31 जुलाई तक संसाधित किया गा है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि धंधा गैरकानूनी होगा पर जीएसटी कानूनी लगेगा ! जीएसटी काउंसिल की 51 वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनों, हॉर्स रेसिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी पर मोहर - 1 अक्टूबर 2023 से लागू 6 माह बाद समीक्षा।सुनिए जी ! सट्टा, जुआ, ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो, हॉर्स रेसिंग जीएसटी दायरे में तो आता है, परंतु यह उसे कानूनी नहीं बनाता ध्यान रखिएगा जी !



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

## गजल

बेरंग जमाने में,कुछ रंग जो हैं भरते ।
जाने फिर भी हम सब,इतना क्यों हैं डरते ।।
यूँ खौफ जदा हो के क्या जीना है यारों।
अब तो हर राहों पर रुक रुक कर हैं चलते ।।
बदली है यहाँ नजरें बदले हैं नजारे भी।
हर एक कदम हम तो अब सोच के हैं धरते।।
मासूम से बचपन का मासूम घरौंदा है।
अरमान यहाँ सभी देखो दो पल में हैं मसले।।
है चाहा न जेवर की दौलत भी नहीं अपनी।
महफिल में जो हैं बैठे घुट घुट के वही मरते।।
अब नेह कहाँ जाए मासूम सा दिल लेकर।
होते हैं गलत फिर भी वो ही तो यहाँ अड़ते।।



**पूनम शर्मा स्नेहिल**
जमशेदपुर झारखंड

## प्रभात

सप्त अश्व पे सूर्य रश्मियां,
बढ़ती आ रही धीरे धीरे।
नव किरणों का पा स्पर्श,
बढ़ता प्रभात धीरे धीरे।
खग,वट, पुष्प,हिम नद,की,
जगती आस धीरे-धीरे।
रजत कण का अवलंबन,
फिर टूटा धीरे धीरे।
सप्त अश्व पे सूर्य रश्मियां,
बढ़ती आ रही धीरे धीरे।
नव किरणों का पा स्पर्श,
बढ़ता प्रभात धीरे धीरे।
खग,वट, पुष्प,हिम नद,की,
जगती आस धीरे-धीरे।
रजत कण का अवलंबन,
फिर टूटा धीरे धीरे।
खग अपने नीड़ से जागे,
लगे कण चुगने धीरे-धीरे।
कमल कुमुदिनी लगी जागने,
अलि भागा धीरे धीरे।
प्रभात प्रकाश जब फैला,
सृष्टि लगी मुस्कराने।
प्रसून, पुष्प , प्रमुदित हो,
खिल कर लगे मुस्कुराने।,
काली अंधेरी बीतने पर,
आता जैसे नव प्रभात।
दुख के बाद सुख आता,
दुख ,दरिद्र, जाता भाग।



**प्रेमा पटेल**
वाराणसी
उत्तरप्रदेश

## बेटियों कों आत्मनिर्भर बनाओं,उनकों आत्मरक्षा करना सिखाओ



जैसे जैसे हम आगे बढ़ते जा रहें, वैसे ही अपहरणकर्ताओं और मानव तस्करी के हैवान सौदेबाजों का जाल हमारे जिले, शहर और हमारे देश में फैलते जा रहा है।

यह जाल कोचिंग से कॉलेज तक, गली-मोहल्लें से मार्केट तक, जिले सें शहर तक और शहर सें दूसरे देशों तक फैला हैं। इस जाल को बनाने वाली हमारी - आपकी बेटी की सहेलियां, कुछ आंटियां और देह के दलाल थामे हुए हैं। जिंदगी चलानें के लिए पैसे की जरूरत है और यह जरूरत इतनी बढ़ गई हैं कि अब लोगों के अदंर मानवता मरते जा रही हैं । सरकारी नौकरी की तैयारी करना और फिर भी नौकरी नहीं लग पाना। बेरोजगारी के कारण लोग अब गलत काम करनें के लिए मजबूर हों चुंके हैं। हमारी यह जिम्मेदारी हैं कि हम अपनी बेटियों कों आत्मनिर्भर बनाने के लिए जितना मेहनत, पैसा लगाते हैं उतना ही ध्यान, मेहनत और पैसा उसकों खुद की आत्मरक्षा कैसे करें यें सिखाने के लिए करना चाहिए तों कोई भी उसकों परेशान करना , अपहरण, रेप जैसी हरकत कर ही नहीं पाएगा ।

**भोली-भाली लड़की नहीं बनाए,**
**रानी लक्ष्मीबाई बनाए,**
**बेटियों कों आत्मरक्षा करना,**
**अवश्य सिखाए।।**



**मुस्कान केशरी**
मुजफ्फरपुर
बिहार


# गैर संचारी रोगों के कारण जिंदगी दांव पर

**खराब जीवन शैली के कारण लोगों में बढ़ रही हैं डायबिटीज,हार्ट डिजीज,कैंसर,फेफड़ों से संबंधित बीमारियां**

विभिन्न बीमारियां समूचे विश्व में चिंता का विषय बनी हुई हैं। विभिन्न स्तरों पर बीमारियों की चुनौतियों से जूझने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन बीमारियों के रूप में नित=नए खतरे सामने आ रहे हैं। दुनिया में संक्रामक रोग तो चिंता की वजह बने ही हैं, इसके साथ-साथ अब नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) अर्थात गैर-संचारी रोग भी चुनौती बनते जा रहे हैं। मानव स्वास्थ्य को जितना खतरा जीवन शैली से जुड़े गैर संचारी रोगों से है, उससे ज्यादा खतरा इस बात से है कि समुदाय में गैर संचारी रोगों को उतनी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जितनी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। गैर संचारी रोगों के कारण आम लोगों की जिंदगी दांव पर लगी हुई है।

यह स्थिति तब है, जब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)अपनी एक रिपोर्ट में बता चुका है कि दुनिया में कुल होने वाली मौतों में से प्रति वर्ष 75 प्रतिशत मौतें गैर-संचारी रोगों के कारण होती हैं। गैर संचारी रोग जिस तेजी से बढ़ रहे हैं और जितनी बड़ी तादाद में यह मौतों की वजह बन रहे हैं, वह निश्चय ही चिंता का विषय होना चाहिए। इस बारे में आम लोगों को जागरुक किया जाना चाहिए ताकि वह इससे बच सकें।

डब्ल्यूएचओ ने वर्ष 2022 तक विश्व के जो स्वास्थ्य आंकड़े हासिल किए हैं, उनसे यह पता चलता है कि गैर संचारी रोगों का कितना बड़ा खतरा मंडरा रहा है। यानी यह रोग जिंदगियों, स्वास्थ्य प्रणालियों, समुदायों, अर्थ व्यवस्थाओं और समाज को लगातार और बहुत बड़ा नुकसान पहुचा रहे हैं।



डब्ल्यूएचओ ने चेताया है कि कुल स्वास्थ्य प्रगति के बावजूद गैर संचारी रोगों की वजह से हो रहे भारी नुकसान के बड़े खतरे हैं। अगर यही चलन जारी रहा तो वर्ष 2050 तक हृदय संबंधी बीमारियों, कैंसर, डायबिटीज और सांस संबंधी बीमारियां हर साल होने वाली लगभग नौ करोड़ मौतों में से 86 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार होंगी।

डब्ल्यूएचओ मानव स्वास्थ्य पर मंडराते खतरों से आगाह करते हुए समय-समय पर विश्लेषणात्मक रिपोर्ट जारी करता है। ऐसी रिपोर्ट जारी करने के पीछे उद्देश्य यही होता है कि लोग इस बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें और जागरुक हो कर बीमारी से बचने के कदम उठाएं लेकिन अफसोस का विषय है कि स्वास्थ्य से जुड़ी ऐसी महत्वपूर्ण रिपोर्टें अखबारों के किसी कोने में दबकर रह जाती हैं। इनकी ओर जितना ध्यान जाना चाहिए, वह नहीं जाता है।

गैर संचारी रोगों के मामले में भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां लोगों में डायबिटीज, हार्ट डिजीज, कैंसर, फेफड़ों से संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक भारत में 2019 में हुई कुल मौतों में से 66 प्रतिशत मौतों के लिए गैर संचारी रोग ही जिम्मेदार रहे। डायबिटीज, हार्ट डिजिज, कैंसर, फेफड़ों से संबंधित ये रोग संक्रामक नहीं हैं, फिर भी बढ़ रहे हैं और मौत का कारण बन रहे हैं। तम्बाकू एवं शराब पीने, शारीरिक गतिविधियों का अभाव और अच्छे आहार की कमी ऐसे मुख्य कारण हैं, जिनकी वजह से लोगों का जीवन जोखिम में पड़ रहा है। डॉक्टर देश में फैल रहे गैर संचारी रोगों की मुख्य वजह खराब जीवन शैली को मानते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों एवं बड़ों में बढ़ते मोटापे के कारण उन बीमारियों का जोखिम बढ़ रहा है, जो जीवन शैली से जुड़ी हुई हैं। लोग पैदल चलना ही छोड़ गए हैं। आरामतलब जीवन उन्हें एक स्थान पर पड़े रहने का आदी बना रहा है। समय-समय पर जांच के अभाव में लोगों को इन बीमारियों की भनक भी नहीं पड़ पाती। जब तक मालूम पड़ता है, तब तक कई बार स्थिति गंभीर हो चुकी होती है। मोटापे की वजह से न केवल बड़ों बल्कि बच्चों में भी लीवर समस्याएं, डायबिटिज, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, पित्ताशय की पत्थरी की दिक्कतें सामने आ रही हैं।


गैर संचारी रोगों का खतरा कितना बढ़ रहा है, इसका अंदाजा डब्ल्यूएचओ की चिंताओं से लगाया जा सकता है। डब्ल्यूएचओ की एक नई रिपोर्ट दर्शाती है कि निम्न और निम्नतर से मध्य आय वाले देशों में प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति एक डॉलर से भी कम अतिरिक्त निवेश करके, वर्ष 2030 तक लगभग 70 लाख मौतों की रोकथाम की जा सकती है। डब्ल्यूएचओ ने गैर संचारी बीमारियों की रोकथाम व उपचार के नजरिये से तत्काल उपाय किये जाने की वकालत की है क्योंकि विश्व में हर 10 में से सात मौतें गैर संचारी रोगों के कारण होती हैं, जिनमें हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर और श्वसन तंत्र रोगों सहित अन्य बीमारियां शामिल हैं। दुखद पहलू है कि इसके बावजूद, निम्नतर-मध्य और कम आय वाले देशों में इन बीमारियों के असर को कम आंका जाता है। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि बांग्लादेश, भारत, नेपाल, मिस्र, इण्डोनेशिया, बोलिविया, रवाण्डा, सीरिया, वियतनाम, मोरक्को, मोलदोवा सहित अन्य देशों में ये बीमारियां, स्वास्थ्य और सामाजिक-आर्थिक नजरिये से एक बड़ा बोझ हैं। 30 से 69 वर्ष आयु वर्ग में, गैर संचारी रोगों के कारण असामयिक होने वाली 85 फीसदी मौतें निम्न और मध्य-आय वाले देशों में होती हैं. इसके दृष्टिगत रिपोर्ट में गैर संचारी बीमारियों की रोकथाम और उनके प्रबन्धन में तत्काल निवेश की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

डब्ल्यूएचओ का कहना है कि गैर संचारी बीमारियों यानि एनसीडी का भीषण बोझ सहने वाले देश यदि उचित रणनीति अपनाएं तो बीमारी की दिशा बदल सकते हैं और अपने नागरिकों के लिये ठोस स्वास्थ्य व आर्थिक प्रगति सुनिश्चित कर सकते हैं। साथ ही, तम्बाकू सेवन और उसके नुकसानदेह इस्तेमाल में कमी लाने, आहार बेहतर बनाने, शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने, हृदयवाहिनी व मधुमेह जैसी बीमारियों के जोखिमों में कमी लाने और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम करने जैसे अन्य उपाय भी किए जा सकते हैं। अगर इस दिशा में व्यापक काम किया जाए तो जहां गैर संचारी बीमारियों से लोगों की रक्षा करना संभव है, वहीं इससे भविष्य में कोविड-19 जैसी संक्रामक बीमारियों का असर भी कम करने में मदद मिल सकती है। यदि किसी भी देश के आम लोग स्वस्थ होंगे तो बीमारियों पर होने वाले खर्च में कमी आएगी। जो धन अब बीमारियों पर खर्च करना पड़ रहा है, वह विकास पर व्यय किया जा सकेगा। इससे न केवल लोग स्वस्थ एवं दीर्घायु होंगे, बल्कि उनके लिए जरूरी सुविधाएं भी मुहैया कराई जा सकेंगी। असल जरूरत इस दिशा में कदम बढ़ाने की है।

**अमरपाल सिंह वर्मा**
जयपुर,राजस्थान

## ये आस्था है


मस्तिष्क के पार
मिट्टी हो गयी है. हड्डियाँ
वह चाक-चौबंद हो गया है
मांसपेशियां और त्वचा
पेंट हो गया....
मानव विचार बदला हुआ
यह टूट गया है
सिनेमा संस्कृति की लहर...
प्रतिक्रियावादी राजनीति जुनून...
इससे आमदनी नष्ट हो जायेगी
कीमत बढ़ना सेलफोन का उपद्रव
इनके दुष्परिणामों के बीच
आदमी सोचता है...
दुनिया एक दिन है
कोई एक दिन नहीं
वही बनेगा...



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई,
तमिलनाडु

## गाँव-हर शहर होत जात हे

गाँव-हर शहर होत जात हे
गाँव-गली-गली, नंदावत हे
खोर-गली, हर सांकुर होगे
रद्दा- डहर, हर चपलात हे।
सिरमेंट के रद्दा ल बनात हे
बालू-कुधरालू ह नंदावत हे
उबड़-खाबड़, रद्दा हर होगे
रेंगे घलो, म गोड़ जनात हे।
पहटिया ह अब नई आत हे
कुहकी- टेर अब नंदावत हे
गो-धुली, बेरा ह नोहर होगे
गाय-गरु अब नई रंभात हे।
खोर-मुहटा ह नई लिपात हे
छरा-छिटका हर, नंदावत हे
गाय-गोबर हर ,अब लुकागे
घर-अंगना नई महमहात हे।
चरागन-परिया, ह सिरात हे
धरसा-पैडगरी ह, नंदावत हे
बखरी-बारी सब भुलावत हे
टेड़ा-पाटी, नई चरचरात हे।
नांगर-बईला ह नई फंदात हे
जुड़ा-जोतावर ह, नंदावत हे
नवा उदिम म ही मोहावत हे
ददरिया तान नई सुनावत हे।



**अशोक पटेलआशु**
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

# नूंह वारदात से सहमा गुरुग्राम और दिल्ली

सोमवार 31 जुलाई 2023 को हुए दिल्ली से जुड़े हरियाणा के नूंह में हुई वारदात ने दिल्ली वासियों के जेहन में डर पैदा कर दिया। गुरुग्राम और दिल्ली से लोगों का रोज का आना जाना रहता है। ऐसा कहा जा रहा है कि इस वारदात की शुरुआत विश्व हिंदू परिषद के ब्रिज मंडल और एक नवयुवक समूह के बीच हुआ जब उनकी यात्रा को खेला मोड के नूंह में रोका गया। इस जुलूस में गौरक्षक मोनू मानेसर के शामिल होने को वारदात की एक वजह बताया जा रहा है। जिस पर कई अन्य मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक इस वारदात में पथराव किए गए तथा गाड़ियों में आग लगाई गई । तथाकथित तथ्यों पर आधारित इस वारदात में 6 लोगों की मौत हुई और 20 पुलिस के जवान घायल हुए । यह मामला और भड़का जब रात के समय शरारती तत्वों द्वारा एक मस्जिद में आग लगा दी गई । सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को गुरुग्राम के स्कूल कॉलेज सभी बंद कर दिए गए और दिल्ली में भी सुरक्षा व्यवस्था बड़ा दे गई ।हरियाणा के चीफ मिनिस्टर मनोहर लाल खट्टर का कहना है कि उन्हें यह संदेह है कि सोमवार को घटित वारदात के पीछे कोई षड्यंत्र है । प्रशासन ,कानून व्यवस्था द्वारा स्थिति को काबू कर लिया गया ।सवाल यह उठता है कि क्या कभी सच्चाई सामने आ पाएगी ? आखिर कौन खेल रहा है देश की जनता की भावनाओं के साथ ? ऐसे बहुत से सवाल है जो देश की जनता के जहन में गूंज रहे हैं? यह बहुत दुख का विषय है कि देशभर में इस तरह की वारदातें सामने आ रही है। ऐसे में देश की जनता का यह दायित्व बनता है कि वह धैर्य न खोकर अनेकता में एकता का उदाहरण रखें तथा षडयंत्रकारियों के षडयंत्रों को विफल कर अमन का माहौल बनाए रखें। किसी भी तरह की अफवाह पर विश्वास ना करें तथा एक दूसरे के धर्म का आदर सम्मान करें। सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का गलत प्रचार ना करें। वजह कोई भी हो नुकसान देश और देश की जनता का ही होता है।



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली

# मैं मणिपुर हूँ

सुन सको तो सुनो, दिल को मजबूत कर, दास्तां अपने ग़म की बताता हूं मैं,
मैं मणिपुर हूं, इन दिनों में मुझपे क्या बीती हरेक गाथा सुनाता हूं मैं!!
दौर था एक जब मैं खुशहाल था, इन पहाड़ों पर सब्ज़ बागान थे,
भारी मन से खड़े हैं स्तब्ध से, वो पहाड़ अब वहां बेजान से,
दर्द इनसे भी ऊंचा सहता हूं और आंसू हजारों बहाता हूं मैं,
मैं मणिपुर हूं, इन दिनों में मुझपे क्या बीती हरेक गाथा सुनाता हूं मैं!!
देश महावीर गांधी की अहिंसा का ये, आज देखो भला कितना है गिर गया,
मैं अकेला जला ना मेरे साथ में देश का स्वर्णिम इतिहास भी जल गया,
लपटें नफरत की उठती धरा से मेरी, रो रोकर आंसुओं से बुझाता हूं मैं,
मैं मणिपुर हूं, इन दिनों में मुझपे क्या बीती हरेक गाथा सुनाता हूं मैं!!
भाई बनकर जो रहते थे कल तलक, ज़हर उनके दिलों में है घोला गया,
स्वार्थ और सत्ता की खातिर इन्हें ज़्यादा कम के तराजू में तोला गया,
अपनी धरती पे बहता लहू देखकर मन ही मन छटपटाता हूं मैं,
मैं मणिपुर हूं, इन दिनों में मुझपे क्या बीती हरेक गाथा सुनाता हूं मैं!!
सड़कों और चौराहों पे निर्वस्त्र कर, मेरी अस्मत को लूटा घुमाया गया,
वादा जिनको पढ़ाने बढ़ाने का था, जिस्म उनका भीड़ से नुचाया गया,
देखता बस रहा मौन होकर खड़ा, कितना बेबस अपने को पाता हूं मैं,
मैं मणिपुर हूं, इन दिनों में मुझपे क्या बीती हरेक गाथा सुनाता हूं मैं!!
तुमपे विश्वास कर खुद को सौंपा तुम्हें सोचा था मेरे संकट मिटाओगे तुम,
आहें भरकर पुकारूंगा जब कभी, मुझ तलक दौड़े दौड़े चले आओगे तुम,
सत्ताधीशों को भारत के धिक्कार है, तुम्हारी खामोशी का बोझ उठाता हूं मैं,
मैं मणिपुर हूं, इन दिनों में मुझपे क्या बीती हरेक गाथा सुनाता हूं मैं!!
देख मुझको सुलगता क्या शर्मिंदगी एक पल को भी महसूस होती नहीं,
औरतों पे हुए अत्याचारों से भी आंखें दो आंसू संवेदना के रोती नहीं,
महाभारत की तरह अहंकार की, सत्ता ढह जाएगी अभिशाप दोहराता हूं मैं,
मैं मणिपुर हूं, इन दिनों में मुझपे क्या बीती हरेक गाथा सुनाता हूं मैं!!



**वीरेन्द्र जैन**
नागपुर,
महाराष्ट्र

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# 3 दिनों से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन में पड़ा असर





-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)
सरगुजा संभाग में पिछले तीन दिनों से झमाझम बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश से जहां एक ओर जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। जून-जुलाई महीनों में औसत से कम वर्षा होने के बाद अगस्त के पहले दिन से ही झमाझम बारिश हो राही है। तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से पूरा सरगुजा पानी-पानी हो चुका है। नदी नाले ऊफान पर हैं। गुरुवार को भी शहर के कई इलाकों पानी घरों में घुसने की खबर है। विशेष कर शहर के नीचले इलाकों में ताबाही देखी जा रही है। हालांकि नगर निगम द्वारा कुछ इलाकों में जेसीबी से पानी निकासी की व्यवस्था की गई। 24 घंटे के भितर सरगुजा में 50 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 66 मिमी औसत वर्षा उदयपुर तहसील में दर्ज की गई है। इसे मिलाकर पूरे जिले में जून से अब तक 272.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं 1 जून से 3 अगस्त तक अम्बिकापुर में 300.9 मिमी, दरिमा में 209.1 मिमी, लुण्ड्रा में 222.6 मिमी, सीतापुर में 358.1 मिमी, लखनपुर में 337.2 मिमी, उदयपुर में 257.6 मिमी, बतौली में 221.6 मिमी एवं मैनपाट में 271.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गई है।

जून-जुलाई महीनों में औसतन से काफी कम बारिश होने से सूखे की स्थिति निर्मित हो गई थी। जुलाई महीने में बांकी डेम में पानी कम हो जाने से शहर में पानी सप्लाई प्रभावित हो चुका था। वहीं खेती किसानी पर भी असर दिखनी शुरू हो गई थी। बारिश नहीं होने से सरगुजा में औसत से कम धान की रोपाई हो पाई थी। किसान बारिश के इंतजार कर रहे थे। वहीं अगस्त महीने के पहले दिन से सरगुजा संभाग में झमाझम बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश से एक ओर किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है वहीं शहर के लोग की मुश्किलें बढ़ा दी है। शहर के कई इलाकों के घरों में पानी घुस जाने से लोग परेशान रहे। मंगलवार की रात से लगातार रूक-रूक कर हो रही झमाझम बारिश ने नगर निगम व जिला प्रशासन की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी है। शहर के गई इलाकों में पानी भर गया। पूरा शहर जलमग्न हो चुका है। 15 दिन पूर्व शहर में जल भ्राव को लेकर जिला प्रशासन ने जरूरी निर्देश दिए थे। पर सारी तैयारियों खोखली साबित हुई। शहर की सडकों पर तालाब जैसी स्थिति निर्मित हो गई। शहर के नावापारा, मायापुर, चांदनी चौक, घुटरा पारा, खैरबार, शिकारी रोड, नमनाकला नावागढ़ सहित अन्य जगहों पर पानी जल जमाव होने से कई घरों में पानी घुस गई है।

## कलेक्टर व एसपी ने किया मुआयना

बारिश के बीच शहरी व्यवस्था का निरीक्षण करने कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं एसपी सुनील शर्मा एक साथ निकले। शहर के सत्तीपारा में कैलाश मोड़ के पास नाला उफान पर होने की सूचना मिलते ही कलेक्टर ने स्वयं पहुंचकर वस्तुस्थिति का मुआयना किया, उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को जल्द से जल्द सुरक्षा के इंतज़ाम करने तथा आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए और शहर के लोगों से बात कर उन्हें आश्वस्त किया। इसी प्रकार उन्होंने नगर निगम अम्बिकापुर क्षेत्र के अन्य स्थानों का भी अवलोकन किया। जिसमें रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास मार्ग में जलजमाव की स्थिति को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और पानी निकासी की व्यवस्था को सुदृढ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासनिक अधिकारी, ऐसे क्षेत्रों का अवलोकन कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर एएल ध्रुव, एसडीएम पूजा बंसल मौजूद रहे।

## क्या कहतें है अधिकारी

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि जिले में वर्तमान में लगातार हो रही अच्छी वर्षा से घुनघुट्टा बांध भर गया है। बांध में वर्तमान में 54.45 मिलीयन घन मीटर पानी भरा है जो कि कुल जलभराव क्षमता 62.05 मिलियन घन मीटर का 87.76 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि बांध में 581.00 मीटर लेवल तक पानी भरा जा सकता है, जो कि वर्तमान में 580.70 मीटर तक पहुंच गया है। इसे देखते हुए बांध के 8 गेट में से 4 गेट खोले गए हैं, जिसके माध्यम से 200 क्युमेक पानी नदी में प्रवाहित किया जा रहा है।

## नहर में पैर धोने के दौरान ग्रामीण बहा,मेन्ड्राकला में मिली लाश



-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)
मेंड्राकला घुनघुट्टा नगर के झाड़ी में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची मणिपुर पुलिस ने मामले की जांच की। जांच में मृतक की पहचान मैनपाट के ढोढ़ी निवासी अंधा उर्फ ठिशु मझवार के रूप में की गई।

जानकारी के अनुसार अंधा उर्फ ठिशु मझवार उम्र 55 वर्ष मैनपाट के ग्राम हर्राढोढ़ी का रहने वाला था। वह दरिमा के हरिहरपुर में रहता था। बुधवार की शाम को गांव के अन्य लोगों के साथ कहीं जा रहा था। इसी बीच ग्राम जगदीशपुर नगर में वह पैर धो रहा था। तभी उसका पैर फिसल गया और वह नगर के पानी में जा गिरा। उसके साथियों ने बचाने की काशिश की पर उसका पता नहीं चला। साथियों ने मामले की जानकारी उसके परिजन को दी। इधर बुधवार की सुबह मणिपुर पुलिस को मेंड्राकला घुनघुट्टार नहर के झाड़ी में एक व्यक्ति की लाश मिलने की जानकारी मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। जांच में उसकी पहचान अंधा उर्फ ठिशु के रूप में की गई। पुलिस पीएम के बाद शव को परिजन को सौंप दिया है। पिलहाल पुलिस मामले में मार्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संविदा स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी लौटे ड्यूटी पर,सीएमएचओ के समक्ष दी ज्वाइनिंग




-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)
पिछले 31 दिनों से संविदा स्वास्थ्य अधिकारियों-कर्म चारियों हड़ताल पर थे। 3 अगस्त को सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता के समक्ष सामुहिक ज्वाइनिंग के साथ हड़ताल की समाप्ति की घोषणा की। संविदा स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों के हड़ताल से स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। संविदा महासंघ के आह्वान पर ये सभी 3 जुलाई से हड़ताल कर रहे थे। पिछले दिनों मुख्यमंत्री से प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की और ठोस आश्वासन मिलने के बाद हड़ताल समाप्ति की घोषणा की गई थी। इसी के तहत आज जोइनिंग के दिन सभी कर्मचारि उत्साह और आत्मविश्वास से भरे हुए थे। सीएमएचओ डॉ आर एन गुप्ता के नेतृत्व में स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ करने में अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प भी कर्मचारियों द्वारा लिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सरगुजा डा आर एन गुप्ता ने कहा है की माननीय उप मुख्यमंत्री श्री टी एस सिंह देव जी के नेतृत्व में कर्मचारी हित में हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया गया है।

## संभागायुक्त ने विभागीय परीक्षा का किया निरीक्षण,08 अगस्त तक होंगी परीक्षाएं

-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)
**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभागायुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने गुरुवार को मल्टीपरपज स्कूल में चल रही विभागीय परीक्षा का निरीक्षण किया। 01 अगस्त से शुरू हुई यह परीक्षाएं 08 अगस्त तक चलेंगी। संभागायुक्त श्रीमती शिखा ने आज संभाग स्तर पर आयोजित की जा रही इस विभागीय परीक्षा का जायजा लिया।इस दौरान उपायुक्त श्री आशुतोष पांडेय तथा लेखाधिकारी श्रीमती ईरमा तिग्गा उपस्थित थे। श्रीमती शिखा ने इस अवसर पर परीक्षार्थियों की जानकारी लेते हुए परीक्षा केंद्र प्रभारी से विभागीय परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। बता दें कि यह विभागीय परीक्षा 08 अगस्त तक आयोजित की



जाएगी जिसमें कुल 24 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इसमें राजस्व विभाग के 07 परीक्षार्थी, महिला एवं बाल विकास विभाग के 11, पुलिस विभाग के 04, सहायक वन संरक्षक के 01 तथा वन क्षेत्रपाल के 01 परीक्षार्थी शामिल हैं। संभागायुक्त ने सभी परीक्षार्थियों को बेहतर ढंग से परीक्षा देने शुभकामनाएं दीं।

## नौकरानी महिला अधिवक्ता के घर से 5 लाख के जेवर और 20 हजार नकद लेकर हुई फरार



-संवाददाता-
अंबिकापुर, 03 अगस्त 2023
(घटती घटना)
शहर की एक महिला वकील को नौकरानी रखना उस समय भारी पड़ गया, जब नौकरानी 5 लाख रुपए के सोने के जेवर व 20 हजार रुपए नकद लेकर पति के साथ फरार हो गई। नौकरानी ने गांव जाने के नाम पर 2 दिन की छुट्टी ली थी। महिला वकील ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने नौकरानी व उसके पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरु कर दी है।

शहर के केदारपुर भट्ठी रोड निवासी सलमा रिजवी वकील हैं। उन्होंने 3 अगस्त को कोतवाली में 5 लाख रुपए के जेवर व 20 हजार रुपए नकद चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अपने घर में कामकाज के लिए एक नौकरानी रखा था। 26 जुलाई को उसने गांव जाने के नाम पर 2 दिन की छुट्टी ली थी।

इसके बाद से वह काम करने नहीं लौटी है। उससे कोई संपर्क भी नहीं हो पा रहा है। 1 अगस्त को जब उन्होंने अपनी आलमारी खोली तो लॉकर भी खुला हुआ था। उसमें टूटी चाबी लगी हुई थी। जब लॉकर खोलकर देखा तो उसमें रखे 5 लाख रुपए के सोने के जेवर व 20 हजार रुपए नकद गायब थे। उन्होंने आशंका जताई कि नौकरानी द्वारा ही जेवर व रुपए चोरी किए गए हैं तथा वह पति के साथ फरार है। रिपोर्ट पर पुलिस ने नौकरानी व उसके पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## शासकीय दायित्वों में गंभीर लापरवाही बरतने पर ग्राम असकरा सचिव निलंबित

-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)
जनपद पंचायत मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत असकरा के सचिव को शासकीय दायित्वों में गंभीर लापरवाही बरतने पर निलंबित किया गया है। सीईओ जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपाट के द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन अनुसार ग्राम पंचायत असकरा के सचिव राकेश गुप्ता के द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना अन्तर्गत कार्य में लापरवाही बरतने पर पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया जिसका तामिली के पश्चात भी उक्त सचिव द्वारा कोई उत्तर




प्रस्तुत नहीं किया गया।
इनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम-3, (एक). (दो), (तीन) के सर्वथा विपरित होने के फलस्वरूप गंभीर कदाचार का है। सचिव राकेश गुप्ता के द्वारा किये गये इस कदाचार के फलस्वरूप इन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत मैनपाट में नियत किया जाता है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। ग्राम पंचायत असकरा का अतिरिक्त प्रभार श्री जितेन्द्र गुप्ता, सचिव ग्राम पंचायत कमलेश्वरपुर जनपद पंचायत मैनपाट को आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से एतद् द्वारा सौंपा गया है।

## 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के साथ होगा आजादी के अमृत महोत्सव का समापन

-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)
भारत सरकार के निर्देशानुसार देश की स्वतंत्रता के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विगत दो वर्षो के आयोजन का समापन कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश अभियान के रूप में मनाया जाना है। कार्यक्रम में दो भाग होंगे जिसमें पंचायत स्तरीय कार्यक्रम और पंचायत से जनपद पंचायत और दिल्ली तक मिट्टी यात्रा आयोजित होगी। अंतिम कार्यक्रम ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का होगा, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में




27 से 30 अगस्त के बीच में मिट्टी कलश ले जाया जावेगा। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 30 अगस्त को अमृत वाटिका के साथ पौधारोपण द्वारा एकेएएम स्मारिका को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा।

## किशोर न्याय अधिनियम के तहत छत्तीसगढ़ बाल कोष गठित

-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)
किशोर न्याय निधि के प्रावधान अनुसार राज्य में बच्चों के सर्वोत्तम हित में छत्तीसगढ़ बाल कोष का गठन किया गया है। छत्तीसगढ़ बाल कोष में बालकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए दान, अनुदान, अंशदान के माध्यम से सहयोग राशि दी जा सकती है। इस राशि का उपयोग किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के तहत आने वाले बच्चों की शिक्षा-दीक्षा, पुनर्वास जैसे उनके सर्वोत्तम हित में खर्च किया जाएगा। राज्य सरकार



द्वारा छत्तीसगढ़ बाल कोष के क्रियान्वयन के संबंध में सभी कलेक्टरों और जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों को अधिसूचना दिनांक 23 मार्च 2022 के माध्यम से विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास द्वारा बच्चों के हित के लिए दान, अनुदान, अंशदान प्राप्त करने हेतु राज्य स्तर पर आईसीआईसी बैंक में खाता संख्या 251501000259, आईएफएसआई संख्या प्ब्प्ब्0002515 का संचालन किया जा रहा है। इस कोष में किसी व्यक्ति, समूह, संस्था (जिसमें स्वयंसेवी संस्था, संगठन, गैर-सरकारी संस्था, ट्रस्ट आदि, कॉर्पोरेट्स (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) द्वारा स्वैच्छिक रूप से दान, अंशदान, अनुदान दिया जा सकता है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ बाल कोष में उद्योगपति, प्रबुद्ध व्यक्ति, सरकारी, गैर-सरकारी कर्मचारी और व्यापारी भी स्वैच्छिक दान, अंशदान, अनुदान कर सहयोग कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आवेदन की समय सीमा बढ़ी





-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)
सरकार ने पीएम फसल बीमा योजना के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है. यह तारीख पहले 31 जुलाई थी.अब किसान 16 अगस्त तक बीमा हेतु अपना आवेदन कर सकते है। खेती के दौरान किसानों को हर साल मुश्किलों से दो-चार होना होता है। प्राकृतिक आपदाओं के चलते किसानों की फसलें कई बार पूरी तरह बर्बाद हो जाती है। ऐसी स्थिति में किसानों को आर्थिक संबल देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत की गई थी।

## बारिश में नवनिर्मित नाला टूटने से शासकीय धन के नुकसान के साथ-साथ छवि हुई है धूमिल

-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)
बारिश में नवनिर्मित नाली टूटने के मामले पर नगर निगम निर्माण विभाग के एमआईसी और श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष शफी अहमद ने नाराजगी जताई है। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शफी अहमद ने कहा है कि विगत 60 घण्टों से हो रही बारिश में निगम क्षेत्र में वार्ड 3 के तुर्रापानी पुलिया से मुक्तिधाम नाला तक, गोधनपुर में किसुन राम के घर से आउटलेट तक और सत्तीपारा में सिविल कोर्ट से पंचदेव मन्दिर तक निर्मित नाला का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी जानकारी शफी अहमद ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर कार्रवाई करने कहा है। पत्र में कहा गया है कि निर्माण क्षति ग्रस्त होने से शासकीय धन की हानि के साथ-साथ शासन की छवि धूमिल हुई है। अवलोकन से स्पष्ट है कि पीसीसी में स्किन री इंफोर्समेंट नहीं लगाया गया है। दीवाल के बीच में होल भी नहीं है। कंक्रीट कार्य में हनी कॉम्बिंग बहुत अधिक है जिनमें पानी का रिसाव हो रहा है। जिससे स्ट्रक्चर खराब हुआ है। तत्काल निर्माण स्थल और आवश्यक तानुसार डिजाइन की जांच, ड्राइंग डिजाइन के अनुसार किये कार्य की जांच, क्षतिग्रस्त कार्य का माप लेकर माप पुस्तिका से मिलान, क्षतिग्रस्त कंक्रीट का गुणवत्ता की जांच कराकर तत्काल दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने कहा है।

## 07 अगस्त तक भरे जायेंगे आई.टी.आई. में राज्य व्यावसायिक परीक्षा फार्म, 16 से 24 अगस्त तक होगी परीक्षा

-संवाददाता-
अंबिकापुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया है कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में माह अगस्त 2023 में आयोजित होने वाले राज्य व्यावसायिक परीक्षा का फॉर्म 07 अगस्त तक संस्था आई.टी.आई. में कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर भरे जा सकते हैं।



एससीव्हीटी अंतर्गत परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखने वाले परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित फार्म भर सकते हैं। परीक्षा की तिथि 16 अगस्त से 24 अगस्त निर्धारित है।

## 18 साल बाद सहमति से अलग हो रहे पीएम ट्रूडो और पत्नी सोफी

ओटावा । कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और उनकी पत्नी सोफी ग्रेगोइर ट्रूडो ने घोषणा की कि वे 18 साल की शादी के बाद अलग हो रहे हैं। दोनों ने कहा कि उन्होंने कई सार्थक और कठिन बातचीत के बाद यह निर्णय लिया। प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया है कि दोनों ने कानूनी अलगाव समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस जोड़े की शादी 2005 में हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। 51 वर्षीय ट्रूडो और 48 वर्षीय ग्रेगोइरे ने मई 2005 में शादी कर ली। दस साल बाद, ट्रूडो प्रधान मंत्री बने, जिससे यह तेज-तर्रार जोड़ा विश्व मीडिया की सुर्खियों में आ गया। ट्रूडो, जिनके पिता पियरे इलियट ट्रूडो भी 15 वर्षों तक कनाडा के प्रधानमंत्री थे, ने राजनीति में आने से पहले एक स्कूल शिक्षक के रूप में काम किया था। वे अक्सर सार्वजनिक रूप से प्यार का इजहार करते थे और एकता प्रदर्शित करते थे, खासकर जन्मदिन और वर्षगाँठ पर, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, उनके विवाहित जीवन में उतार-चढ़ाव देखा गया है। ट्रूडो, 2014 आत्मकथा, कॉमन ग्राउंड में कहा था कि हमारी शादी सही नहीं है, और हमारे बीच कठिन उतार-चढ़ाव आए हैं, फिर भी सोफी मेरी सबसे अच्छी दोस्त, मेरी साथी, मेरा प्यार बनी हुई है। हम एक-दूसरे के प्रति ईमानदार हैं, भले ही दुख हो। ग्रेगोइरे ट्रूडो ने बताया कि कोई भी शादी आसान नहीं है। मुझे इस तथ्य पर लगभग गर्व है कि हमें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, हां, क्योंकि हम प्रामाणिकता चाहते हैं। हम सच्चाई चाहते हैं। हम अपने जीवनकाल के दौरान व्यक्तियों के रूप में करीब आना चाहते हैं और हम दोनों सपने देखने वाले हैं और हम बनना चाहते हैं जब तक हम कर सकते हैं तब तक साथ रहें।

## शूटर घुसे होने की फर्जी सूचना के बाद अमेरिकी सीनेट किया बंद

वाशिंगटन । अमेरिकी सीनेट में शूटर घुसे होने की कॉल पर आई सूचना के बाद यूएस कैपिटल पुलिस ने उसे बंद कर दिया। हालांकि बाद में यह कॉल झूठी निकली। लेकिन सूचना के बाद यहां पु?लिस चौकन्ना हो गई और तलाशी अभियान में जुट गई। यूएस कैपिटल पुलिस ने एक ट्वीट किया, हमारे अधिकारी एक सूचना के बाद सीनेट कार्यालय भवनों और उसके आसपास तलाशी ले रहे हैं। कृपया क्षेत्र से दूर रहें, क्योंकि हम अभी भी जांच कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक यूएस कैपिटल पुलिस ने सीनेट की इमारतों के अंदर काम कर रहे लोगों को छिपने के लिए कहा है। हालांकि बाद में यूएस कैपिटल पुलिस ने यह भी कहा कि वह सीनेट कार्यालय की इमरातों को फिर से खोलने के लिए तैयार हैं। यूएस कैपिटल पुलिस प्रमुख थॉमस मैंगर ने संवाददाताओं से कहा कि इमारत में शूटर होने की कॉल फर्जी थी, जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध नहीं मिला। सीनेट इस समय ग्रीष्मकालीन अवकाश में है और अधिकांश सांसद वाशिंगटन, डी.सी. से बाहरी हैं।

## तुर्की सेना ने इराक में तीन आतंकवादियों को मार गिराया

अंकारा । तुर्की सुरक्षा बलों ने उत्तरी इराक के जैप क्षेत्र में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने यह जानकारी दी। तुर्की रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार यह उत्तरी इराक में तुर्की सशस्त्र बलों द्वारा चल रहे ऑपरेशन क्लॉ-लॉक का हिस्सा है। जनवरी में मंत्रालय ने कहा था कि तुर्की ने जैप क्षेत्र में लगभग सभी पीकेके आतंकवादियों का सफाया कर दिया है, एक एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2022 में पीकेके आतंकवादियों के खिलाफ सीमा पार ऑपरेशन क्लॉ-लॉक शुरू होने के बाद से 506 पीकेके आतंकवादियों को खत्म कर दिया गया। तुर्की सुरक्षा बलों ने हाल ही में उत्तरी इराक में पीकेके के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है, विशेष रूप से समूह के मुख्य आधार कंदील पर्वत में, और कई वरिष्ठ पीकेके कैडरों को मार डाला है। तुर्की अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध पीकेके ने तीन दशकों से अधिक समय से तुर्की सरकार के खिलाफ विद्रोह छेड़ रखा है।

## मेटा ने फेसबुक-इंस्टाग्राम से हटाई न्यूज, समाचार अधिनियम का दिया हवाला

लंदन । अब फैसबुक व इंस्टाग्राम पर समाचार पढ़ने को नहीं मिलेंगे। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि न्यूज पब्लिशर्स ने पैसे की मांग कर दी थी। इसलिए मेटा ने मंगलवार से यह कार्रवाई शुरु कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फेसबुक और इंस्टाग्राम पर दिखने वाली न्यूज अब मेटा ने ब्लॉक करनी शुरू कर दी है। इतना ही नहीं कनाडा में लोग अब फेसबुक और इंस्टाग्राम पर समाचार को नहीं पढ़ पाएंगे। दरअसल, मेटा ने यह फैसला उस कानून के विरोध पर लिया जिसमें कहा गया- सोशल मीडिया कंपनियों को अब समाचार के बदले न्यूज पब्लिशर्स को भी पैसे देने होंगे। ऐसे में मेटा ने अब अपने दोनों प्लेटफार्म से न्यूज हटाना शुरू कर दिया है। मेटा ने एक बयान जारी कर कहा कि समाचार प्रकाशकों द्वारा फेसबुक और इंस्टाग्राम पर शेयर किए समाचार लिंक को ब्लॉक कर दिया गया है और वे किसी भी यूजर्स को नहीं दिखेंगे। इसके अलावा मेटा ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर न्यूज शेयरिंग को भी बंद कर दिया है। इसकी शुरुआत मंगलवार से हो गई है और यह कई हफ्तों तक चलेगी। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया के बाद अब कनाडा में ऑनलाइन समाचार अधिनियम पेश किया गया है। दरअसल, कनाडा के कई मीडिया हाउस पिछले कुछ साल में बंद हो गए हैं जिससे लाखों डॉलर का नुकसान हुआ है। नए कानून के मुताबिक सोशल मीडिया कंपनियों को मीडिया हाउस के साथ साझेदारी करनी होगी और खबरों के बदले न्यूज पब्लिशर्स को पैसे देने होंगे। एक अनुमान के मुताबिक, नए कानून के तहत कनाडाई अखबारों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से प्रति वर्ष लगभग 330 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,719 करोड़ रुपये प्राप्त हो सकते हैं। ऐसे में मेटा का कहना है कि उसके प्लेटफॉर्म पर खबरों को शेयर करने से मीडिया हाउस को फायदा होता है।

## 32 साल के शख्स को कोर्ट ने दी चॉकलेट चुराने के बदले 18 महीने की जेल

लंदन । एक 32 साल के शख्स को कोर्ट ने चॉकलेट चुराने के बदले में 18 महीने जेल की सजा का ऐलान किया है। यहां हैरानी की बात यह है कि एक तो बड़ी उम्र में कोई चॉकलेट चुराएगा ही क्यों और अगर चुरा भी ली तो इस पर कौन सा केस बनने जा रहा है। लेकिन हैरानी होगी कि ऐसी घटना भी हुई है। मिले समाचारों के अनुसार यहां एक शख्स ने चॉकलेट की चोरी भी की और उसे अब 18 महीने यानि डेढ़ साल तक जेल में रहने की सज़ा सुनाई गई है। इस हैरान करने वाले मामले को जब जानना चाहा तो यह कुछ इस तरह से निकला। जानकारी के अनुसार ये घटना ब्रिटेन की है, जहां 32 साल के जॉबी पूल नाम के शख्स ने कुल 2 लाख चॉकलेट एग्स चुराये। कैडबरी क्रीम एग्स के इतने स्टॉक की मार्केट वैल्यू 40 हज़ार यूएस डॉलर यानि भारतीय मुद्रा में 32 लाख 79 हज़ार रुपये भी ज्यादा है। ये घटना 11 फरवरी को सैटफोर्ड पार्क में हुई थी। ये एग्स ईस्टर में ब्रिटेन में खूब बिकते हैं, ऐसे में इस चोर को भी अथॉरिटीज़ ने ईस्टर बनी का नाम दिया है। इस केस की सुनवाई श्रुबरी क्राउन कोर्ट में हुई, जहां चोर को डेढ़ साल जेल में रहने की सज़ा सुनाई गई है। कोर्ट में हुई सुनवाई के मुताबिक चोर ने क्रीम एग्स का पूरा ट्रैक्टर ही चोरी कर लिया था। पुलिस ने भी चोर को गिरफ्तार करने के बाद ट्विटर पर लिखा था कि उन्होंने 2 लाख ईस्टर एग्स को क्रिसमस के वक्त बचा लिया। आपको बता दें कि यूनाइटेड किंगडम में सिर्फ ईस्टर के वक्त चॉकलेट एग्स की सेल 220 मिलियन तक पहुंच जाती है, ऐसे में उस वक्त की गई चोरी ने कंपनी का बड़ा नुकसान कर दिया था।

## चीन की अर्थव्यवस्था में भले ही गिरावट, लेकिन कंडोम बिक्री में हुई बढ़ोतरी

बीजिंग । चीन की अर्थव्यस्था में भले ही भारी गिरावट आई हो, लेकिन कंडोम की ब्रिकी में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। इसका सीधा अनुमान यहां बढ़ रही बेरोजगारी से लगाया जा रहा है। चीनी कंपनियों का निर्यात भी कम हो गया और मुनाफा भी नहीं हो रहा है, वहीं कंडोम बेचने वाली कंपिनयों को 8.8 प्रतिशत मुनाफा दर्ज हुआ है। जानकार बता रहे हैं कि अपनी विस्तारवादी सोच के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट की खबरें आ रही हैं। कोराना वायरस के बाद से ही यहां बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। बाजार की हालत भी खराब है, लेकिन इन सबके बीच यहां कंडोम की बिक्री में खासा उछाल देखा जा रहा है। इससे कंडोम निर्माता कंपनियों की कमाई जबरदस्त तरीके से बढ़ रही है। चीन के अर्थशास्त्री भी इस बात से हैरान हैं कि अर्थव्यवस्था गिर रही है तो दूसरी तरफ युवा भारी मात्रा में कंडोम खरीद रहे हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जून में चीन की खुदरा बिक्री मई महीने से 12.7 प्रतिशत की वृद्धि से गिरकर 3.1 प्रतिशत हो गई है। यहां खुदरा बिक्री और निर्यात में भारी गिरावट आई है। इसका असर नौकरियों पर भी दिखा है, बड़ी संख्या में युवाओं को बेराजगार है।




नाइजीरिया में लेबर यूनियर के लोग कीमतें बढ़ाये जाने के लिए बैनर और पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते हुए।

## पौलेंड और बेलारुस के बीच तनाव.....पौलेंड ने भेजी सेना

वॉर्सा । रूस के खिलाफ यूक्रेन की खुलकर मदद कर रहे नाटो सदस्य देश पोलैंड की सेना ने पूर्वी सीमा पर अपने सैनिकों को भेजा है। पोलैंड की सीमा बेलारूस से सटी हुई है, जो रूस का करीबी सहयोगी है। पोलैंड का कहना है कि बेलारूस के दो हेलिकॉप्टरों ने उसकी हवाई सीमा का उल्लंघन किया है। इसके बाद तनाव बढ़ गया है। रूस ने हाल ही में बेलारूस को परमाणु बम दिया है, और तानाशाह लुकाशेंको ने कई बार वैगनर विद्रोहियों का नाम लेकर चेतावनी भी दी है। इस बीच बेलारूस की सेना ने हवाई अतिक्रमण की घटना का खंडन कर आरोप लगाया कि पोलैंड अपनी सेना को तैनात करने के कारणों को सही ठहराने के लिए इस तरह के आरोप लगा रहा है। इसके पहले बेलारूस के तानाशाह ने पोलैंड पर तंज कसकर कहा था कि रूस के वैगनर लड़ाके पोलैंड की सीमा के पास मौजूद हैं। इसके बाद पोलैंड के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि वह अतिरिक्त सैनिक और संसाधन भेज रहा है जिसमें लड़ाकू हेलिकॉप्?टर शामिल हैं। पोलैंड ने कहा कि नाटो को भी इस सीमा उल्लंघन के बारे में बता दिया है। साथ बेलारूस के राजदूत को तलब करके स्पष्टीकरण मांगा गया है। पोलैंड की सेना ने शुरू में किसी सीमा उल्लंघन का खंडन किया था लेकिन बाद में विचार विमर्श के बाद माना कि यह घुसपैठ बहुत कम ऊंचाई से हुई थी, इस वजह से रेडॉर के जरिए पकड़ा नहीं जा सका। इस मामले पर बेलारूस के रक्षा मंत्रालय ने लिखा कि पोलैंड ने घटना के बारे में अपनी राय को संभवतः अपने विदेशी स्वामियों के साथ सलाह के बाद बदल दिया।

# बाढ़ से आई भारी तबाही ने हिला दिया चीन को, जलसैलाब से मचा हाहाकार

### -बीजिंग में भारी बारिश के कारण बेकाबू हुए हालात, जनजीवन हुआ बुरी तरह अस्तव्यस्त

**बीजिंग (एजेंसी)।** भारी बारिश के चलते चीन इस वक्त भयंकर बाढ़ की चपेट में है। चीन की राजधानी बीजिंग हर जगह जलमग्न नजर आ रही है। चीन में हो रही भीषण बारिश के चलते उत्?तरी और दक्षिणी चीन में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। देश भर में अगले कुछ दिनों में दो या तीन तूफान आने की आशंका है। इसके चलते चीनी प्रशासन ने अपने लोगों को अगस्त के महीने में बाढ़, तूफान और कुछ स्?थानों पर सूखा पड़ने की चेतावनी जारी की है। इस वक?त तूफान डोक्सुरी के चलते शनिवार से बीजिंग और पड़ोसी हेबेई प्रांत में लगातार बारिश हो रही है, जिससे वहां भीषण बाढ़ आ गई है। अबतक इस बाढ़ के चलते 20 लोगों की मौत हो गई है। यहां भयंकर बाढ़ और तूफान के चलते चीन की राजधानी बीजिंग में अबतक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें दो लोग तो राहत और बचाव का काम करने के दौरान अपनी ड्यूटी के दौरान मारे गए। यहां पर अबतक 13 लोग लापता हैं, जिनकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। जानकारी के अनुसार उत्तरी चीन के पूर्वी हिस्सों के अलावा पूर्वोत्तर चीन, दक्षिण चीन के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से और चीन के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्रों के दक्षिणी हिस्से में औसत से अधिक बारिश हो रही है। इसके कारण पहाड़ी बाढ़, शहरी जलभराव, खेतों में जलभराव हो रहा है।

यहां पर प्राकृतिक आपदाओं का खतरा भी अधिक होने की संभावना है। इन क्षेत्रों में तेज हवाएं चल रही हैं और ओले पड़ने की भी स्थिति बनी हुई है।



साथ ही यांग्त्ज़ी नदी की ऊपरी क्षेत्र, पोयांग झील, पीली नदी और सोंगहुआ नदी की ऊपरी क्षेत्रों में बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। क्षेत्रीय तूफान और बाढ़ हुइहे, ताइहू झील, जुजियांग नदी और हैनान द्वीप की नदियों के जलमार्गों को प्रभावित कर सकते हैं। चीनी अधिकारियों ने लोगों को अगस्त में उत्तरी चीन, पूर्वोत्तर चीन, उत्तरपश्चिमी चीन के दक्षिणपूर्वी हिस्से और पूर्वी चीन में आंधी और तूफान के प्रभाव के कारण भूवैज्ञानिक आपदा जोखिमों के बारे में चेतावनी दी। वहीं चीनी सरकार द्वारा दिए गए आधिकारिक बयान के मुताबिक यांग्त्ज़ी नदी के उत्तरी हिस्सों में समय-समय पर अधिक तापमान और सूखे से पीड़ित होने की संभावना है।

# भारत ने बातचीत से किया इंकार तो तो बौखलाए पाक पीएम, नौसेना की दी धौंस

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** भारत ने पाकिस्तान से बातचीत करने से इंकार कर दिया तो पाकिस्तानी पीएम की बौखलाहट सामने आ गई है। वह अब नौसेना की धौंस दिखा रहे हैं। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ एक बार फिर से भारत से करारा झटका लगने के बाद बौखला से गए हैं। शहबाज ने अभी दो दिन पहले ही भारत से गुहार लगाई थी कि वह बातचीत शुरू करे। भारत ने शहबाज के इस प्रस्ताव को भाव नहीं दिया तो अब पाकिस्तानी पीएम ने जहरीला बयान दिया है। शहबाज ने तुर्की से युद्धपोत मिलने के बाद एक कार्यक्रम में भारत पर हमला बोला और कहा कि कुछ तत्व इस क्षेत्र में अपना आधिपत्य स्थापित करने की रेस में हैं। इस बीच अमेरिका ने पाकिस्तान को साफ कह दिया है कि वह कोई मध्यस्थता नहीं करेगा और दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का वह समर्थन करता है।

भारत को बातचीत का ऑफर करने के एक दिन बाद शहबाज शरीफ ने कहा, कि क्षेत्र में कुछ तत्व अपना आधिपत्य स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं और प्रभाव का क्षेत्र बनाना चाहते हैं। इस वजह से यह और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है कि हम अपनी नौसेना को मजबूत करें। साथ ही समुद्री अभियानों को बढ़ाएं। शहबाज शरीफ ने तुर्की से मिले एक युद्धपोत से जुड़े कार्यक्रम में यह बयान दिया। इस बीच अमेरिकी सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि उनका देश भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे संवाद का समर्थन करता है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जैसा कि हम लंबे समय से कहते रहे हैं, हम भारत और पाकिस्तान के बीच चिंताजनक मुद्दों पर सीधे संवाद का समर्थन करते हैं।

बता दें कि पाकिस्तान अक्सर अमेरिका से भारत के साथ विवाद सुलझाने में मध्यस्थता के लिए गुहार लगाता रहता है। हालांकि अब अमेरिका ने साफ कर दिया है कि दोनों देशों को खुद ही बातचीत करना होगा। वहीं भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि जब तक सीमापार से हो रहे आतंकवाद को रोका नहीं जाता है तब तक कोई बातचीत नहीं होगी। इससे पहले शहबाज शरीफ ने भारत से बातचीत की गुहार लगाई थी। शहबाज ने कहा था कि अगर भारत गंभीरता दिखाता है तो पाकिस्तान बातचीत को तैयार है, युद्ध अब कोई विकल्प नहीं है।

# राष्ट्रपति जो बाइडेन की अप्रूवल रेटिंग में दिखी बढ़त, ट्रंप भी नहीं हैं पीछे

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** चुनावों को लेकर राष्ट्रपति जो बाइडेन की अप्रूवल रेटिंग में मामूली वृद्धि देखी गई है। हाल ही में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार यह दावा किया जा रहा है कि 2024 के राष्ट्रपति पद के लिए तैयारी में लगे बाइडेन को इससे मजबूती मिलेगी। हालांकि डेमोक्रेट्स उनकी दोबारा चुनाव की दावेदारी को लेकर बंटे हुए थे। लेकिन अब बड़े पैमाने पर उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में स्वीकारा जा रहा है। हालांकि आधे अभी भी एक वैकल्पिक उम्मीदवार को पसंद करते हैं। डेमोक्रेट्स के बीच रेपो में सुधार के बावजूद, 2024 के चुनाव के लिए एक काल्पनिक रीमैच में बाइडेन को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। सर्वेक्षण में दोनों 43 प्रतिशत पर बराबरी पर हैं। आपराधिक आरोपों के लंबित होने के बावजूद भी ट्रम्प ने संभावित रिपब्लिकन प्राथमिक मतदाताओं के बीच प्रभावशाली बढ़त बनाए रखी। जबकि जो बाइडेन का उनकी पार्टी के भीतर समर्थन व्यापक प्रतीत होता है, लेकिन कई डेमोक्रेट उदासीन उत्साह दिखा रहे हैं। केवल 20 प्रतिशत डेमोक्रेट्स ने कहा कि वे 2024 के उम्मीदवार के रूप में बाइडेन को लेकर उत्साहित हैं, 51 प्रतिशत उनके काम से तो संतुष्ट हैं लेकिन बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं।

इसके विपरीत, 26 प्रतिशत ने संभावित उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के प्रति उत्साह व्यक्त किया। बाइडेन की 39 प्रतिशत की वर्तमान अप्रूवल रेटिंग एक मौजूदा राष्ट्रपति के लिए फिर से चुनाव के लिए ऐतिहासिक रूप से कम है, लेकिन पिछले जुलाई में 33 प्रतिशत से सुधार देखा गया है। एक साल पहले 13 प्रतिशत की तुलना में अब 23 प्रतिशत अमेरिकी मानते हैं कि देश सही रास्ते पर है। इसके अतिरिक्त, 2022 में 10 प्रतिशत की तुलना में अधिक संख्या में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को अच्छी स्थिति में देखते हैं।

# पुलिस की छापेमारी से मचा हड़कंप, गोलीबारी में 45 लोगों की गई जान

### -ड्रग गिरोहों को निशाना बनाकर की कार्रवाई, नकली दवा की हो रही थी तस्करी

**ब्राजीलिया (एजेंसी)।** ब्राजील में ड्रग माफिया पर छापेमारी के दौरान हडकंप मचने से हुई गोलीबारी में अब तक 45 लोगों के मारे जाने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार ब्राजील के तीन राज्यों में ड्रग गिरोहों को निशाना बनाकर पुलिस ने छापेमारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रियो डी जनेरियो में बुधवार को पुलिस के नवीनतम ऑपरेशन में, कॉम्प्लेक्सो दा पेन्हा शहर के उत्तर में गोलीबारी के दौरान 10 लोग मारे गए। मृतकों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला एक सरगना भी शामिल है, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। शहर की सैन्य पुलिस ने कहा कि खुफिया सूचना के बाद कॉम्प्लेक्सो दा पेन्हा में ऑपरेशन शुरू किया गया था। सूचना में था कि इलाके में नशीली दवाओं के तस्करों की एक बैठक हो रही है। कॉम्प्लेक्सो दा पेन्हा के आसपास के स्कूल बुधवार को नहीं खुले, इससे लगभग 3,220 छात्रों को घर पर ही रहना पड़ा। गौरतलब है कि रियो डी जनेरियो ब्राज़ील के सबसे हिंसक राज्यों में से एक है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उत्तर-पूर्वी राज्य बाहिया में, 28 जुलाई से सोमवार के बीच तीन शहरों साल्वाडोर, इतातिम और कैमाकारी में पुलिस और गिरोह के सदस्यों के बीच झड़पें हुईं। कैमाकारी में, 28 जुलाई को सात लोग मारे गए, जबकि इतातिम ने रविवार को हिंसक झड़पों के दौरान आठ लोगों की मौत की सूचना दी।

इसी तरह साल्वाडोर में पुलिस और सशस्त्र संदिग्धों के बीच झड़प में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि स्कूल भी मंगलवार को बंद रहे। बाहिया ऑपरेशन के दौरान बंदूकें, फोन और ड्रग्स जब्त किए गए। साओ पाओलो राज्य में ऑपरेशन शील्ड नामक पांच दिवसीय पुलिस छापे के दौरान 16 लोग मारे गए और 58 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। यह ऑपरेशन 28 जुलाई को तटीय शहर गुआरुजा में एक विशेष बल के पुलिस अधिकारी की हत्या के बाद शुरू हुआ। हालांकि पुलिस कार्रवाई की व्यापक निंदा भी हुई है। न्याय मंत्री फ्लेवियो डिनो ने गुआरुजा में ऑपरेशन की आलोचना की, उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई आक्रामक थी। इस बीच, ब्राज़ील में सशस्त्र हिंसा के आंकड़ों पर नज़र रखने वाले संगठन इंस्टिट्यूटो फ़ोगो क्रूज़ाडो ने छापे को सामूहिक हत्या बताया।

## भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता है अमेरिका

वाशिंगटन । अमेरिकी सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि उनका देश भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे संवाद का समर्थन करता है। भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार आतंकवाद तथा कश्मीर मुद्दे समेत विभिन्न मसलों के कारण संबंध तनावपूर्ण हैं। भारत लगातार यह कहता रहा है कि वह पाकिस्तान से सामान्य पड़ोसी की तरह संबंध रखना चाहता है लेकिन इसकी जिम्मेदारी इस्लामाबाद पर है कि वह आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त माहौल बनाएं। भारत ने यह भी कहा है कि जम्मू कश्मीर उसका हिस्सा ''था, है और हमेशा रहेगा।'' विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जैसा कि हम लंबे समय से कहते आ रहे हैं, हम भारत और पाकिस्तान के बीच चिंताजनक मुद्दों पर सीधे संवाद का समर्थन करते हैं। हमारा लंबे समय से यही रुख रहा है।'' मिलर की ये टिप्पणियां तब आयी हैं जब दो दिन पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सभी गंभीर और लंबित मुद्दों को हल करने के लिए भारत के साथ वार्ता करने की पेशकश की। पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जून में कहा था कि भारत के लिए पड़ोसी देश के साथ तब तक संबंध सामान्य करना संभव नहीं है जब तक कि वह सीमा पार आतंकवाद की नीति बंद न कर दें।

# किम और पुतिन की सीक्रेट डील, अमेरिका पर होगा न्यूक्लियर अटैक?

**बीजिंग (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच दुनिया के सामने कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई जिसने न केवल अमेरिका की मुश्किलें बढ़ा दी बल्कि तमाम पश्चिमी देशों को सोचने पर मजबूर कर दिया। नार्थ कोरिया के आधिकारिक भवन में पुतिन के बड़े बड़े फोटो नजर आ रहे हैं। भवन में मौजूद उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन और उनके साथ मौजूद रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु भी नजर आए। वहीं उत्तर कोरिया से आई एक अन्य तस्वीर में किम के वो खतरनाक हथियार दिखाई दे रहे हैं जिससे पूरी दुनिया को खतरा है। यहां भी किम जोंग और रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु साथ में नजर आए। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद दुनिया में कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। सवाल ये कि क्या रूस नार्थ कोरिया के साथ मिलकर कोई सीक्रेट प्लानिंग कर रहा है।

### क्या पुतिन और किम के बीच हुई कोई डील?

यूक्रेन के साथ युद्ध करते हुए रूस को डेढ़ बरस से ज्यादा बीत चुके हैं। इतने लंबे युद्ध के बाद क्या रूस को अपनी कमजोरी का अहसास होने लगा है। यही वजह है कि वो अब दुनिया से मदद मांग रहा है। खासकर उन देशों से जिनकी पहचान अमेरिका के सबसे बड़े दुश्मन के तौर पर होती है। ऐसा इसलिए भी कहा जा रहा है कि जब नार्थ कोरिया अपना विक्ट्री डे मना रहा था तो वहां सिर्फ रूस के रक्षा मंत्री ही नहीं चीन के कम्युनिस्ट पार्टी के मेंबर ली होंगजोंग भी मौजूद थे।

### पुतिन-जिनपिंग-किम मिलकर अमेरिका का मुकाबला करेंगे

कहा जा रहा है कि यूक्रेन के खिलाफ जंग में अमेरिका के खिलाफ एकजुट करने की कोशिश है। ये अमेरिका के लिए आने वाले समय में सबसे बड़ा खतरा बन सकते हैं। इसकी वजह भी साफ है। जब रूस की राजधानी मॉस्को में यूक्रेन के हमले से हड़कंप मच गया था। यूक्रेन ने मॉस्को में एक के बाद एक कई ड्रोन अटैक किए। रूस की खुफिया एजेंसी और डिफेंस सिस्टम कुछ नहीं कर सके। जिससे ये माना जाने लगा कि यूक्रेन की हिम्मत के सामने रूस की ताकत कमजोर पड़ती जा रही है। यही वजह है कि रूस नई ताकत की खोज में नॉर्थ कोरिया की तरफ उम्मीद की नजरों से देख रहा है।



# क्या निजी पंजीकृत वाहनों में दौरा कर रहे सूरजपुर कलेक्टर, एसपी व जिपं सीईओ...क्योकि सभी के नंबर प्लेट सफेद?

» जिस वाहन में सूरजपुर कलेक्टर,एसपी व जिपं सीईओ चल रहे क्या वह अधिग्रहित की वाहन व्यवसायिक में पंजीकृत है?

» वाहन अधिग्रहण में चल रहा बड़ा खेल...डीजल के नाम पर होता है जमकर भ्रष्टाचार...जांच हो जाए तो खुल जाएगी पूरी पोल

» तत्कालीन जिपं सीईओ ने वाहन अधिग्रहण करवाया डीजल डलवाया...गाड़ी भाड़ा देने के लिए बिल भी बनाया...हो गया तबादला...वर्तमान ने कहा नहीं है कोई कार्यादेश भुगतान करना संभव नहीं...

» सूरजपुर शासकीय विभाग के दफ्तर में वाहन अधिग्रहण मामले में चल रहे खेल कि कब होगी जांच?

» अपराधों पर अंकुश लगाने वाले विभाग के टेबल के नीचे ही वाहन अधिग्रहण में चल रहा बड़ा खेल

» क्या प्रशानिक विभाग में वाहन अधिग्रहण करने के लिए निविदा नियम नहीं?

» क्या निजी उपयोग की वाहन को किया जा सकता है अधिग्रहित या व्यवसायिक रूप से पंजीकृत वाहनों का ही होना चाहिए अधिग्रहण?

» वाहन अधिग्रहण मामले के भुगतान में हुआ है जमकर फर्जीवाड़ा,सूचना के अधिकार में जानकारी देने से भी कतराते हैं विभाग के कर्मचारी

» शासकीय विभाग में जो वाहन अधिग्रहण की गई है उसमें से कुछ वाहन टैक्सी परमिट में नहीं प्राइवेट में है

» बिल का भुगतान किसी और के नाम पर वाहन का पंजीयन किसी और के नाम पर, इस तरह होता है गोरख धंधा

» आधा तोर आधा मोर में होता है अधिग्रहित वाहन का भुगतान, वाहन अधिग्रहण मामले का मास्टरमाइंड कौन?

-विशेष संवाददाता-

**सूरजपुर/अंबिकापुर 03 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** जिस वाहन में सूरजपुर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सूरजपुर व जिला पंचायत सीईओ के लिए अधिग्रहित की गई है उन वाहनों को व्यवसायिक याने की टैक्सी में पंजीकृत वाहन होनी चाहिए, पर क्या ऐसा है यह बड़ा सवाल है? क्योकि जिले के पुलिस अधिकारी, जिला प्रशासनिकी अधिकारी व जिला पंचायत सीईओ को सफेद नम्बर प्लेट वाली वाहने लेकर सड़कों पर दौड़ रही है। जानकारी में जो बातें आ रही हैं उसमें यह पता चल रहा है की कलेक्टर एसपी व जिला पंचायत सीईओ निजी पंजीकृत वाहनों पर चल रहे हैं जैसा की वाहन के नम्बर प्लेट को देख कर लगता है, और बिल भी धड़ाधड़ फर्जी तरीके से निकल रहा है। यदि वाहन टैक्सी परमिट होती तो पिला नम्बर प्लेट होता।

जिला सूरजपुर में शासकीय विभागों में लगी वाहन बिना निविदा के जुगाड़ व सेटिंग से चल रही हैं, इन वाहनों में चलने वाले भी कोई आम व्यक्ति नहीं यह जिले के पुलिस कप्तान, कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ भी हैं जो सफेद नम्बर प्लेट वाले वाहनों में चल रहे, जबकि पुलिस ही एक ऐसा विभाग है जिस पर जांच का जिम्मा होता है और जांच का जिम्मा वाला ही विभाग यदि नियम को नजराअंदाज करता है तो सावल उठाना लाजमी है, पुलिस का मूल कर्तव्य कानून व्यवस्था व लोक शांति व्यवस्था को स्थापित रखना तथा अपराध नियंत्रण व निवारण तथा जनता से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना है। समाज के समस्त वर्गों में सद्भाव कायम रखने हेतु आवश्यक प्रबंध करना, महत्वपूर्ण व्यक्तियों व संस्थानों की सुरक्षा करना तथा समस्त व्यक्तियों के जान व माल की सुरक्षा करना है पर क्या पुलिस अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्पक्ष तरीके से कर पा रही है? सूरजपुर जिले में कानून व्यवस्था के लिए काम करने वाली पुलिस विभाग के टेबल के नीचे एक बड़ा फर्जीवाड़ा का खेल चल रहा है, वह फर्जीवाड़ा है वाहन अधिग्रहण का, वाहन अधिग्रहण को लेकर कई लोगों ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारियां निकाली है किसी को जानकारी मिली है तो किसी को नहीं मिली।

### नियमो की अनदेखी क्यों ?

सूत्रों का मानना है कि सबसे बड़ा अनियमितता हो रही है वह भी वाहन अधिग्रहण में, बिना निविदा के वाहनों का अधिग्रहण करना नियम की अनदेखी है, विभाग में सब कुछ सेटिंग से चल रहा है, जिसकी सेटिंग तगड़ी है उसकी वाहन अधिग्रहित हो जाएगी और बिल निकालने में जो पुलिस का सहयोग करेगा और बात बाहर नहीं जाएगी, उसकी वाहन अधिग्रहित हो जाएगी पर अधिग्रहण करने के दौरान पुलिस कुछ ऐसी गलती भी कर रही है जो कहीं ना कहीं अपराध की श्रेणी में आता है, वह गलती है वाहन दस्तावेजों की अनदेखी, पुलिस वाहन अधिग्रहण करने से पहले वाहनों का बिना दस्तावेज जांचे उसे किराए पर अधिग्रहित कर रही है, जबकि यह भूल गए कि किराए पर वाहन अधिग्रहित करने के लिए व्यवसायिक में पंजीकृत वाहनों का ही अधिग्रहण होना चाहिए, निजी में पंजीकृत वाहनों का अधिग्रहण कर पुलिस की बत्ती, तो कई पद का बोर्ड लगा उसी वाहन में




घूम रहे हैं, पुलिस के कई अधिकारी ना जाने उन्हें इस बात की जानकारी है या नहीं, जिले के पुलिस विभाग, जिला प्रशासन व जिला पंचायत में सफेद नम्बर प्लेट की वाहने विभागीय अधिकारियों को लेकर सड़कों पर दौड़ रही है।

### खुद वह नियम विरूद्ध तरीके से वाहन में चल रहे हैं और वाहन भाडा मांग ने पर नियम का हवाला दे रहे

एक मजेदार पहलू यह भी है कि 3 व्यक्तियों का वाहन जिला पंचायत में लगाया गया 10 महीने चलाया गया, 10 महीने चलाने के साथ-साथ 10 महीने उन्हें डीजल भी दिया गया पर नहीं दिया गया तो उनका प्रतिदिन का भाड़ा, जो करीबन 5 लाख बताया जा रहा है, जब गाड़ी मालिक ने इस भाड़े को मांगने के लिए उच्च अधिकारियों तक शिकायत की तो जिला पंचायत सीईओ का जवाब था की वाहन का कार्यदेश कार्यालय में उपलब्ध नहीं है जब कार्यदेश उपलब्ध नहीं था तो फिर डीजल शासकीय पैसे से क्यों डलवाया जा रहा था? और इसका बिल पुराने तत्कालीन सीओ क्यों बना दिए थे? और उनके जाते ही नए सीईओ इस बिल को क्यों हटा दिए? जब खुद वह नियम विरूद्ध तरीके से वाहन में चल रहे हैं और जिनकी वाहन अधिग्रहण की वह जब अपना भाडा मांग रहे हैं तो उन्हें नियम का हवाला दिया जा रहा है।

### 2 साल से पैसे के लिए भटक रहा गाड़ी मालिक

शिकायत के अनुसार जिला पंचायत सूरजपुर में 3 व्यक्तियों का वाहन लगाया गया था जिसमें जन चौपाल में अधिकारी बैठकर जाया करते थे हर महीने अधिग्रहण किए हुए वाहन में डीजल भी डलाया करता था, सिर्फ गाड़ी मालिक का भाड़ा रुकता था, जिसका भुगतान 2 महीने 4 महीने में किया जाता था पर तीन गाड़ी मालिकों को इसका भुगतान पिछले 2 साल से नहीं किया गया, जब की गाड़ी भी हटा दिया गया है, भुगतान करने के लिए उस समय के तत्कालीन सीओ ने बिल भी बनाया आदेश भी जारी हुई जिसका दस्तावेज भी उपलब्ध है, पर उनके जाते ही वह पैसा लटक गया, अब जब नए सीईओ हैं और उनसे बिल की मांग की जा रही है तो वह नियम विरुद्ध बता रहे हैं, अब सवाल यह उठता है कि जब नियम विरूद्ध तरीके से गाड़ी चली रही थी कार्यादेश नहीं था तो फिर डीजल भी नियम विरुद्ध तरीके से डाला होगा? और डीजल भी यह नहीं की थोड़ा मोड़ा इन तीन गाडियों में लगभग तीन से चार लाख का डीजल डलवाया गया, क्या इस के लिए कार्या देश था? जिस का बिल भी लगाया गया जब डीजल डलवाया जा सकता है तो फिर क्या उन गाड़ी मालिकों को उसका भाड़ा नहीं दिया जा सकता? जो गाड़ी मालिक अपने भाड़ा के लिए भटक रहे उसमे एक गाड़ी मालिक का 270000 है तो एक गाड़ी मालिक का 70000 तो किसी का एक लाख। ऐसे में बिल का भुगतान ना करके जिला पंचायत सीईओ खुद ही फंसे हुए दिख रहे हैं।

### सफेद नंबर प्लेट वाली वाहन शासकीय विभाग में दौड़ रहे किराए पर...

जिले के पुलिस विभाग, जिला प्रशासन व जिला पंचायत में सफेद नम्बर प्लेट की वाहने विभागीय अधिकारियों को लेकर सड़कों पर दौड़ रही है, जबकि वाहने पीले नम्बर प्लेट की होनी चाहिए जो अधिग्रहण नियम के अनुसार होना चाहिए, पूरे मामले में कौन इस पूरे मामले में नियमो की अनदेखी कर रहा है यह तो सपष्ट नहीं है







लेकिन जानकारों की माने तो यह बड़ी गलती है और यह नियमो के विरुद्ध है। सूत्रों की माने तो कई जिलों में निविदा के तहत वाहने अधिग्रहित की गई हैं, सरगुजा संभाग के कई जिलों में बिना निविदा के ही वाहनों को किराए पर लगाया जा रहा है, उसमें भी सबसे बड़ा सवाल यह है कि वाहन भी जो विभाग को लगानी है उसका पंजीयन व्यवसायिक में होना चाहिए पर बिना व्यवसायिक पंजीयन वाली वाहने भी धड़ल्ले से विभाग में पुलिस की बत्ती लगाकर दौड़ रही है, कुछ ऐसे ही वाहनों की तस्वीर भी सामने आई है जिसमें रजिस्ट्रेशन बता रहे हैं कि वाहने व्यवसायिक पंजीयन कि नहीं है क्या इस वजह से सफेद नंबर प्लेट वाहन में लगी हैं, जिसमें पुलिस की बत्ती भी ऊपर लगी हुई है अब यह वाहन किसने लगाया कैसे लगी यह जांच का विषय है।

### क्या शासकीय विभागों में वाहन अधिग्रहण करने की एक नई पॉलिसी आ गई है?

इस समय शासकीय विभागों में वाहन अधिग्रहण करने की एक नई पॉलिसी आ गई है शासकीय वाहन होने के बावजूद भी कई वाहने अलग-अलग विभागों में बाहर से अधिग्रहण किए जाते हैं, जिसके लिए निविदा भी निकलती है पर कई विभागों में बिना निविदा के सेटिंग से ही वाहन लग जाती हैं, कुछ ऐसा ही सूरजपुर जिले में भी हो रहा है जहां पुलिस विभाग स्वास्थ्य विभाग सहित कई विभागों में वाहनों का अधिग्रहण किया गया है, जिससे लेकर इस समय सूरजपुर जिला सुर्खियों में है वाहन को यदि किसी भी विभाग को किराए पर दिया भी जाता है तो उसका नियम है की निजी उपयोग की वाहने नहीं कमर्शियल में पंजीकृत वाहन ही दी जाती है पर शहर के सेटिंग इतनी अच्छी है कि वह निजी वाहन भी अपने नाम पर लगाकर विभाग से पैसे उठा रहे हैं, इस तरह की बातें इस समय जन चर्चा का विषय है वहीं सूत्रों की मानें तो यदि विभाग में लगे वाहनों के दस्तावेज खंगाला जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा पर दस्तावेज खंगालने का अधिकार ना तो पत्रकार के पास है और ना अन्य के पास, इसकी जांच यदि उच्च स्तर पर हो तो सारे फर्जीवाड़ा सामने खड़े हो जाएंगे, सूचना के अधिकार में भी जानकारी नहीं दे पाते है कर्मचारी, कई लोगों ने सूचना का अधिकार भी लगाया और कहीं ना कहीं दबाव पूर्वक होने की वजह से यह जानकारी भी ठंडे बस्ते में रह गई।

### जिला पंचायत सीईओ सफेद नंबर प्लेट वाली वाहन में

सूरजपुर जिला पंचायत सीईओ जो बहुत नियम का हवाला दे रहे हैं वह खुद व्यवसायिक पंजीकृत यानी के टैक्सी परमिट की वाहन में नहीं निजी वाहन में चल रहे हैं जो नियम के तहत नहीं है। अधिग्रहण करने के लिए हमेशा व्यवसायिक पंजीयन वाले वाहनों का उपयोग होता है पर यहां पर निजी पंजीयन वाले वाहनों का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है जो नहीं होना चाहिए। अधिग्रहण की हुई सभी वाहने पीले नंबर प्लेट वाली होनी चाहिए पर यहां तो सफेद नंबर प्लेट वाली वाहनों को ही दौड़ाया जा रहा है। अधिकारियों को गाड़ी तो बीआईपी चाहिए यहां तक कि साफ-सुथरी चाहिए हर दिन गाड़ी का टॉवल बदलना चाहिए और गाड़ी में इस्माइल नहीं आना चाहिए रिक्रायरमेंट तो ऐसी करते हैं पर नियम की बात आती है तो नियम ना जाने इनके दिमाग के बाहर कहां चला जाता है। बढ़ाया जा रहा है।

### वाहन मालिक कोई और भुगतान किसी और को

विभाग में जो वाहने अधिग्रहित कर चलाई जा रहीं हैं इसमे भी बड़ा खेल है, गाड़िया किसी और कि चल रहीं हैं और भुगतान किसी और के नाम पर हो रहा है। बताया जाता है कि सबकुछ सेटिंग से चल रहा है और विभाग में वाहन केवल कुछ लोगों की ही मर्जी से अधिग्रहित हो रहीं हैं और वही लोग अपने अपने पसंद से जिसके नाम से भुगतान लेना होता है ले रहें हैं, कुलमिलाकर सिंडिकेट की तरह वाहन अधिग्रहण का एक गैंग सक्रिय है जो किसी और को वाहन लगाने देने में अड़ंगा लगाता है।

### कई जिलों में वाहन अधिग्रहण के लिए निविदा निकाली गई, प्रथम भाग के लगभग जिलों में बिना निविदा के ही दौड़ रही हैं वाहने कैसे?

प्रदेश के अन्य जिलों की बात की जाए तो सभी जगह निविदा के माध्यम से सार्वजनिक निविदा के माध्यम से वाहन अधिग्रहण की गई हैं जबकि प्रदेश के ही कोरिया जिले में जो प्रदेश के प्रथम जिले होने का गौरव भी रखता है में वाहन अधिग्रहण मामले में निविदा निकली ही नहीं जो बहोत बड़े बंदरबांट को साबित करता है।

### शासकीय विभाग में भी वाहन अधिग्रहण में यदि ईडी छापामारे तो बहुत बड़ा घोटाला आ सकता है सामने

छत्तीसगढ़ के शासकीय विभाग में भी वाहन अधिग्रहण मामले में यदि ईडी की छपेमारी हो तो बड़े घोटाले के सामने आने का अनुमान है। विभाग में लगातार वाहन अधिग्रहण किया जाता रहता है वीआईपी मूवमेंट के दौरान भी और सामान्य परिस्थितियों में भी विभाग वाहनों का अधिग्रहण करता रहता है और इसमे जमकर फर्जीवाड़ा होता रहा है, अब यदि उच्च स्तर की जांच हो तो जरूर सच्चाई सामने आएगी और जो बड़े घोटाले के रूप में सामने आएगी। वाहन अधिग्रहण में विभाग के यदि पुराना रिकार्ड खंगाला जाए तो बहोत बड़ा पोल खुलेगा यह तय है, किस तरह बिना टेक्सी परमिट गाड़ियों का अधिग्रहण किया गया है नियम विरुद्ध और किस तरह अनाप शनाप भुगतान कर शासकीय खजाने को खाली किया गया है सब सामने आ जायेगा।

### डीजल में भी बड़ा खेल

गाड़ी जितनी चलती नहीं उससे ज्यादा डीजल खर्च होता है और डीजल खर्च होने के बीच जो सबसे बड़ी बात है वह है भ्रष्टाचार की डीजल लगना है कम पर बिल बनता है ज्यादा का पेट्रोल टंकी वाले से सांठगांठ कर अधिकारी पैसे को कर लेते हैं बंदरबांट। डीजल के नाम पर शासन को चमका चुना लगाया जाता है अधिकारियों का दौरा एकदम कम होता है पर डीजल की मात्रा बहुत ज्यादा होती है ऐसा लगता है कि अधिकारी जिले में लगातार दौरा कर रहे हैं और लोगों के बीच पहुंच रहे हैं पर जब समस्याओं की बात आती है तो लोगों का कहना है कि अधिकारी तो आते ही नहीं जब अधिकारी आते ही नहीं तो फिर डीजल इतना ज्यादा कहां। यदि डीजल की भी बारीकी से जांच की जाए तो डीजल का भी बहुत बड़ा घोटाला सामने आएगा।

# बिजली कटौती से परेशान जिला पंचायत सदस्य ने डिप्टी कलेक्टर को लालटेन भेंटकर सौंपा ज्ञापन

-संवाददाता-

**मनेन्द्रगढ़ 03 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** बुधवार को जब प्रदेश की पहली विधानसभा के लोग लालटेन लेकर पहुंचे तो कलेक्टोरेट में लोग हतप्रभ रह गए। जीरो पावर कट राज्य की पहली विधानसभा के भरतपुर ब्लाक में बिजली की अघोषित कटौती को लेकर भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य रविशंकर सिंह ने डिप्टी कलेक्टर को लालटेन के साथ ज्ञापन सौंपा। लालटेन लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे थे भाजपा जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ता। बिजली कटौती से निजात न मिलने पर जल्द आंदोलन, धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। बता दे कि भरतपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत आने वाले समस्त ग्रामों में लगातार अघोषित बिजली कटौती जारी है, जिससे आमजन, व्यापारी, महिलाएं, बच्चे बडी परेशानियों का सामना कर रहें है। आए दिन 1 से 2 दिन तक घंटों बिजली गुल रहती है और पूरे क्षेत्र में अंधेरा व्याप्त रहता है, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली न रहने की वजह से अंधेरे में सर्पदश से मौत एक आम वजह हो गई है। माडीसरई, कोटाडोल कजिया, कुवारपुर, रामगढ, बहरासी इन क्षेत्रों में बिजली की अनियमितता लगातार बनी रहती है। भरतपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत आने वाले समस्त क्षेत्रों में बिजली कटौती पूर्णत बन्द हो अन्यथा समस्त क्षेत्रवासी क्षेत्र में व्याप्त भारी बिजली संकट के विरोध में पुनःधरना प्रदर्शन किया जाएगा।



**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 / अ-20(3)/ 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि आवेदक भानुप्रकाश मुखर्जी आ0 स्व0 बी0के0मुखर्जी निवासी जोड़ा पीपल भगत सिंह वार्ड केदारपुर अम्बिकापुर के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला केदारपुर नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-02 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 273/1 रकबा 2831 वर्गफीट भूमि को बैक में बंधक रखने की अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदाय करने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति पेश किया गया है।

भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दाया अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता को माध्यम से दिनांक-28/08/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दाया-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक-31/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 / अ-20(3)/ 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि आवेदिका सोनम कृपलानी पत्नी स्व0 अशोक कृपलानी एवं अन्य मुख्तार आम अनुप कुमार गुप्ता आ0 बनारसी प्रसाद गुप्ता जाति हलवाईनिवासी देवीगंज रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की मोहल्ला महाराजा होटल गली नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-03 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1054/13 रकबा 708 वर्गफीट भूमि को अनावेदक अनुप कुमार गुप्ता आ0 बनारसी प्रसाद गुपता जाति हलवाई निवासी देवीगंज रोड अम्बिकापुर के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदाय करने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति पेश किया गया है।

भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दाया अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता को माध्यम से दिनांक- 25/08/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दाया-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक-31/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाल साय स्व0 प्रेम साय निवासी असोला थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (माता) स्व0 देवगुनिया की दिनांक 03/02/2020 को निवास में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी ।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-202308021200... / अ-.6/ 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमर कुमार कालड़ा आ0 रमेश कुमार कालड़ा, जाति-सिन्धी निवासी- देवीगंजरोड, रूपदेव मार्केट, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता- ब्रम्हानन्द ख्यानी आ0 कन्हैया लाल ख्यानी, जाति सिंधी, निवासी-सत्तीपारा, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 02, मोहल्ला- सत्तीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 608/3 रकबा 0.020 हे0 भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 608/3 रकबा 0.020 हे0 भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 13/07/2023 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता-ब्रहमानंद ख्यानी आ0 कन्हैयालाल ख्यानी जाति सिंधी,निवासी सतीपारा नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 13/07/2023 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बावत आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी ब्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा,/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-25/08/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा,/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-03/08/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

# महिलाओ को सक्षम योजना का नहीं मिल रहा लाभ

## जिला अधिकारी का उदासीन रवैया महिलाओ को सशक्त होने में बना रोड़ा


» छतीसगढ़ की महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री सक्षम योजना की शुरुआत की है

» महिलाओ को नही मिल रहा इस योजना का लाभ

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 03 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड की जरूरतमंद महिलाओ को महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यालय बैकुंठपुर के अधिकारी की लापरवाही और उदासीनता के कारण महिला को कोष अंर्तगत छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री महिला सक्षम योजना का लाभ महिलाओ को नही मिल पा रहा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2018 में महिलाओ ने योजना का लाभ लेने आवेदन महिला बाल विकास विभाग कार्यालय में जमा किया था, लेकिन विगत पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें इस योजना का लाभ आज तक नही मिल सका है। वही जिला महिला बाल विकास विभाग कार्यालय बैकुंठपुर के द्वारा पांच वर्ष पूर्व जमा किए गए आवेदनों को अप्रैल 2023 में आय प्रमाण पत्र की कमी होना बताकर वापस ब्लाक स्तरीय कार्यालय को पुनः भेज दिया गया । योजना का लाभ लेने आवेदन कर्त्ता महिलाओ ने नए सिरे से नया आय प्रमाण पत्र बनवाकर आवेदन पत्र के साथ पुनः जमा कर दिए ,लेकिन इस बार भी आवेदन जमा करने के उपरांत




अब तक योजना का लाभ नही मिल सका है। सक्षम योजना अंतर्गत जमा किए गए आवेदन जिला अधिकारी के टेबल पर आज भी धूल खा रहे है। जिला महिला कोष द्वारा सन् 2009-2010 में राज्य की महिलाओं को खुद का लघु उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री सक्षम सुरक्षा योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना के तहत राज्य की 35 वर्ष से 45 वर्ष की आयु वाली महिलाओं को खुद का उद्योग,व्यवसाय स्थापित करने के लिऐ ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। यह ऋण एक लाख तक का होता है जो 5 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज दर पर 5 वर्षों की अवधि के लिए उपलब्ध करवाया जाता है। शुरुआती दौर में यह ब्याज दर 6.5 प्रतिशत था जिसे सन् 2017 में घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस योजना का सुचारू रूप से संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाता है। जिले के कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत योजना का लाभ पात्र होने पर मिल पाता है। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी सक्षम योजना का लाभ प्रदान किया जाता है। राज्य में मुख्यमंत्री सक्षम योजना महिलाओं के लिए एक जीवनदायिनी के रूप में कार्य कर रही है। क्योंकि इसके माध्यम से अब तक हजारों महिलाओं ने अपना खुद का व्यवसाय स्थापित करके समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इस योजना का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाता है। इस योजना महिलाओं को 1 लाख तक का लोन दिया जाता है।जिससे वो अपना बिजनेस शुरू कर सकती हैं। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इसके अलावा इससे महिलाओं की सामाजिक स्थिति में भी सुधार आएगा। इस योजना के जरिए वो ना सिर्फ उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी बल्कि महिलाओं का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास होगा। इस तरह से सही मायने में प्रदेश की महिलाओं का सशक्तिकरण होगा। लेकिन जिला कार्यालय में बैठे अधिकारी इस योजना को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

# क्रेशर प्लांट में पहुंची खनिज विभाग की टीम

# प्लांटों के दस्तावेजों की हुई जांच

## खनिज विभाग के अधिकारियों को क्रेशर प्लांट पर मिला काफी मात्रा में बोल्डर

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)





खड़गवां के पोडी बुरा क्षेत्र में मानको के विपरीत और अवैध रूप से पर्याप्त बौल्डर खनन दस्तावेजों को दरकिनार कर क्षेत्र में चल रहे हैं क्रेशर प्लांट जिसकी लगातार मिल रही है शिकायतों पर 27 जुलाई को दोपहर में खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने क्रेशर प्लांटों का औचक निरीक्षण किया। जिसके कारण अवैध खनन कर क्रेशर संचालकों में हड़कंप मच गया। क्रेशर प्लांट संचालक क्रेशर प्लांट को बंदकर मौके से निकल गए। क्षेत्र के ग्रामीणों की शिकायतों के बाद जागे खनिज विभाग ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पोडी तहसील के बचरा गांव में नियमों के विपरीत चल रहे स्टोन क्रेशर पर कार्रवाई करने कतरा रही है।

खनिज विभाग से स्टोन क्रेशर के संचालन में गड़बड़ी का आरोप बचरा के ग्रामीणों ने लगाते हुए शिकायत कलेक्टर जन चौपाल में दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक स्टोन क्रेशर से निकलने वाले डस्ड,धुल गिट्टी की परत खेतों में उड़कर एवं पानी में बहकर जमा हो रहें हैं जिसके कारण उपजाऊ जमीन भी बंजर हो रही है जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है एवं बिना रायल्टी की पर्ची काटे डंपर टैक्टर से बोलडर और गिट्टी का परिवहन हो रहा है। ऐसे डंपर टैक्टर गिट्टी लेकर बे-रोकटोक धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं।

क्रेशरो में अवैध उत्खनन कर बोल्डर का परिवहन नियम विरूद्ध अवैध भंडारण किया गया है मामले की शिकायत के बाद खनिज निरीक्षक ने स्टोन क्रेशर की जांच की थी और जांघ में औपचारिकता पूरी कर लौट गई।

> स्टोन क्रेशर को लीज की अनुमति दी गई थी परमिशन संबंधी अन्य दस्तावेज नहीं मिलने के कारण संचालकों को नोटिस जारी किया गया है
>
> **खनिज इंस्पेक्टर रोहित सांहू बैकुंठपुर**

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

## कलेक्टर ने मतदाता सूची प्रकाशन के संबंध में दी जानकारी

-संवाददाता-
कोरबा,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन की जानकारी दी और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि 25 मई से 23 जून 23 तक संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया गया। इसी तरह 24 जून से 24 जुलाई तक मतदान केंद्रों की युक्तियुक्त करण की जानकारी भी उन्होंने दी। कलेक्टर ने बैठक में बताया कि फोटो युक्त मतदाता सूची एवं सेवा निर्वाचकों से संबंधित मतदाता सूची का प्रकाशन 02 अगस्त 2023 की स्थिति में किया गया है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 20 रामपुर, 21 कोरबा, 22 कटघोरा और 23 पाली तानाखार के सभी 1080 मतदान केंद्रों में विशेष शिविर आयोजित होने की जानकारी दी और बताया कि 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं का नाम जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने प्रारूप-6, प्रारूप-7, प्रारूप-8 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने तथा संशोधन के संबंध में भी आवश्यक जानकारी राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को प्रदान की। कलेक्टर ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आग्रह किया कि मतदान केंद्रों में वे अधिकृत बूथ लेवल प्रतिनिधि नियुक्त कर सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने नियमानुसार मतदाता सूची निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर लेने का आग्रह किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एम. के. खाण्डे, एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे, तहसीलदार कोरबा श्री अमित केरकेट्टा और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भैंसमा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



-संवाददाता-
कोरबा,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार एवं जिला नोडल स्वीप मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में श्री मनोज खांडे उप जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से जिले के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालयों में मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैंसमा में एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के प्रचार-प्रसार हेतु महाविद्यालय में संकल्प पत्र का वाचन एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने मतदाता के वोट के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य ने मतदान के प्रति स्वयं जागरूक रहने एवं अन्य लोगो के जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। वरिष्ट प्राध्यापक श्री के एल टण्डन ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को मतदाता के मूलभूत संवैधानिक अधिकारों तथा मतदान की प्रक्रिया एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में मतदाताओं के दायित्वों से अवगत कराया। महाविद्यालय के स्वीप प्रभारी व सहायक प्राध्यापक श्री दीपेश कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को एकीकृत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने, स्थानांतरित करवाने हेतु उपयोग में आने वाले आवेदन फार्म-6, फार्म-7, फार्म-8 की उपयोगिता बताई। उन्होंने आधुनिक दृष्टिकोण अपनाने एवं मत को व्यर्थ न जाने देकर राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया।कार्यकम में उपस्थित छात्र छात्राओं ने भी मतदान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये तथा एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन की जानकारी अपने आस-पास के लोगों तक पहुचाने हेतु सहमति व्यक्त की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एल. चौहान, छात्र छात्राएं, सहित अन्य सहायक प्राध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अधिकारी ने ली सचिवों की बैठक

-संवाददाता-
कुसमी,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)



**कुसमी।** बलरामपुर जिले के जनपद पंचायत कुसमी क्षेत्र के ग्राम पंचायतो के सचिवो की अधिकारीयो ने ली बैठक, बैठक में एसडीएम चेतन साहू एसडीओपी रितेश चौधरी, कुसमी तहसीलदार मनोज पैकरा जनपद पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी अभिषेक पांडेय नें ग्राम पंचायत के सचिवो की आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में जनपद पंचायत के सभाकक्ष में बैठक ली है, गौरतलब है कि विधानसभा का चुनाव नजदीक आ रहा है जिसके तहत ग्राम पंचायत के मतदान केन्द्रो की स्थिति की जानकारी के साथ-साथ एसडीओपी नें सुरक्षा संबंधी जानकारी भी सचिवो से ली और उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिया है,वही एसडीएम चेतन साहू ने नये मतदाताओ को जोडने और फौत हो चुके मतदाताओ को नाम काटने के लिये निर्देशित किया है,चुनाव के लिये मतदान केन्द्रो का भौतिक निरीक्षक कर भवन शौचालय बिजली पानी मतदान केन्द्र तक पहुचनें की मार्ग व्यवस्था का जायजा लेकर रिपोर्ट देने को कहा गया,एसडीओपी नें सभी सचिवो को हिदायत दिया की वे अपने ग्राम पंचायत के कोटवार को थाना हाजरी करने के लिये निर्देशित करे साथ थाना के कर्मचारियो के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें।

# कलेक्टर ने शिक्षक की तरह क्लासरूम में जाकर विद्यार्थियों को बताया शिक्षा का महत्व



-संवाददाता-
कोरबा,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)

जिले के नवनियुक्त कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व को बताया। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पीडब्ल्यूडी रामपुर, शासकीय माध्यमिक शाला अंधरी कछार में क्लास रूम को देखा और विद्यार्थियों से बातचीत की। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को शिक्षा का जीवन में महत्व को बताते हुए उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और बीईओ कोरबा को निर्देशित किया कि स्कूलों में जो भी समस्याएं हैं उसे शीघ्रता से दूर करें।

# मनेंद्रगढ़ विधानसभा की यह सड़क बना जानलेवा

## बीच सड़क में पिछले एक से डेढ़ साल से बड़ा गड्ढा

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को सड़क के निर्माण कार्य पूर्ण होने की मिलने वाली मलाई तक मतलब रहता है।

मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के अंतिम ग्राम पंचायत पेंडरी से मुख्य मार्ग कोरबा बिलासपुर को जोड़ने वाली इस मुख्य सड़क की हालत बारिश के कारण इतनी दयनीय हो चुकी है कि कई लोग इस मार्ग पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं इस मार्ग से चलकर तमाम स्कूली छात्र छात्राएं आवागमन करते हैं और ये मार्ग कोरबा जिले के कई पंचायतों को भी जोड़ता है इस मार्ग पर खतरनाक गड्ढों से रोज राहगीरों को सामना करना पड़ता है

इस मार्ग पर रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं पढ़ने हेतु इस मार्ग से आने को मजबूर हैं क्योंकि इसके अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग नहीं है इस मार्ग निर्माण की मांग आसपास के ग्रामीण पिछले काफी लंबे अरसे से करते आ रहे हैं किंतु मार्ग निर्माण अभी तक नहीं हो पाया इस मार्ग में बहुत बड़ा गड्ढा होने की सूचना देने के बाद भी विभागीय अधिकारियों ने मरम्मत करने की जरूरत नहीं समझी ? जो कि ये गड्ढा पिछले साल से बना है और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी इस गड्ढे में किसी घटना दुर्घटना होने का इंतजार कर रहे हैं कि घटना के बाद सड़क पर हुए गड्ढे का मरम्मत का कार्य किया जाएगा जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ सकता है।

इस मार्ग से निकलने वाले बेगुनाह लोगों को भी दुर्घटना का शिकार बन सकते हैं। यदि शीघ्र ही इस मार्ग की मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती हैं मामले में प्रशासन को संज्ञान लेकर तत्काल मरम्मत कार्य करने की आवश्यकता है जिससे किसी गंभीर अनहोनी या दुर्घटना को होने से रोका जा सके।

# यातायात पुलिस समर्थ जागरूकता अभियान का हुआ समापन



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)

पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर के नेतृत्व में यातायात पुलिस समर्थ जागरूकता अभियान को लेकर गुरुवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महलपारा बैकुंठपुर के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों संकेतों एवं चिन्हों, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, पॉक्सो अधिनियम, साइबर अपराध, मानव व्यापार से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। नाबालिग छात्र-छात्राओं को वाहन न चलाने की समझाइश दी गई साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद ही वाहन चलाने के लिए कहा गया। यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई छात्रों व विद्यालयीन स्टाफ के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर दिया गया, छात्रों को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन ना करने के लिए संकल्पित किया गया साथ ही पूछे गए प्रश्नों के सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया।

उक्त जागरूकता अभियान के दौरान उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर, यातायात प्रभारी निरीक्षक शिवप्रसाद सिंह, सूबेदार रमेश पुरैना, आरक्षक गुलाल साय राजवाड़े, लांस नायक महेश मिश्रा, सैनिक विमल लकड़ा, संस्था के प्राचार्य अभय कुमार शर्मा, विद्यालयीन शिक्षक-शिक्षिकाएं गोपाल दत्त, प्रिंस तिवारी, संतलाल, श्रीमती शिल्पी सिंह, रीना जायसवाल, कविता मिश्रा, अल्का मिश्रा, सुश्री अंकिता सिंह सहित काफी संख्या में विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका सुश्री अलीशा शेख एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य अभय कुमार शर्मा ने किया।


# परेशानी: सोलर पंप खराब,हाईस्कूल के बच्चे और ग्रामीण स्वच्छ पेयजल हेतु परेशान...सुध लेने वाला कोई नहीं

-संवाददाता-
प्रतापपुर,03 अगस्त 2023
(घटती घटना)

विकास खंड प्रतापपुर के दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत रमकोला के हाईस्कूल के पास व खास पारा में लगा सोलर पंप खराब हो गया है। इससे यहां पेयजल समस्या पैदा हो गई है। दोनों पारा के करीब 120 परिवार पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। वही हाईस्कूल में अध्ययनरत सैकड़ों बच्चे शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे है स्थानीय लोग गांव से करीब 500 मीटर दूर झिरिया से पीने का पानी जुटाने को मजबूर हैं। ग्राम पंचायत रमकोला के सरपंच बताते हैं कि पेयजल के लिए 5 साल पहले गांव में सोलर पंप लगा था। पुराना होने के कारण सोलर पैनल खराब हो चुके हैं। पंप से पानी नहीं निकल रहा है, जिसके चलते लोग गांव से करीब 500 मीटर दूर नदी किनारे झिरिया खोदकर पीने का पानी जुटा रहे हैं। यह समस्या पिछले 3- 4 महीने से बनी हुई है। कमोबेश यही स्थिति रमकोला क्षेत्र के कई गाँव का है । वहां भी सोलर पंप बंद पड़ा हुआ है। गांवों में लगे सोलर पंपों के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी क्रेडा विभाग की है। भारी बारिश से वनांचल क्षेत्र में पेयजल की बहू बहुत दिक्कत हो रही है स्वच्छ पेयजल नहीं मिलने से इन क्षेत्रों में मौसमी बीमारी का भी कहर आ सकता है समय रहते गांवों में लगे सोलर पंपों में सुधार जरुरी है, अन्यथा समस्या गंभीर हो जाएगी। लेकिन बंद पड़े सोलर पंपों का सुधार करने में क्रेडा विभाग रुचि नहीं ले रहा है। मेंटेनेंस कराना तो दूर, इसकी मॉनिटरिंग भी सही तरीके से नहीं हो पा रही है

### समस्या बड़ी निराकरण किया जाएगा -जगत लाल आयाम

इस संबंध में जनपद पंचायत प्रतापपुर के अध्यक्ष जगत लाल आयाम ने कहा की बारिश के मौसम में क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल देने की जिम्मेदारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और क्रेडा विभाग की संयुक्त रूप से है लेकिन इस कारण से यह सोलर पंप बिगड़े हुए हैं आपके माध्यम से संज्ञान में आया है तत्काल क्रेडा विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सोलर पंप सही कराया जाएगा



# योगेश शुक्ला ने उपमुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## बिजली की समस्या सुधारने के लिए हेल्पर व विद्युत कर्मी उपलब्ध कराने की है मांग

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर/पटना, 03 अगस्त 2023
(घटती घटना)



पटना विद्युत सब स्टेशन अंतर्गत सुधार कार्य में हेल्पर व विद्युतकर्मी कम होने की वजह से बाधित हो रहा है, जिस कारण पूरे क्षेत्र में बिजली की समस्या बनी हुई है, जिसे लेकर कांग्रेस नेता योगेश शुक्ला ने उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को पत्र लिखकर कहा कि पटना विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत स्थित समस्त ग्राम पंचायत व आश्रित ग्रामों में विद्युत की आंख मिचौली के कारण ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, यह समस्या काफी लंबे समय से बनी हुई है जिसके लिए शिकायत करने पर यह बात सामने आती है कि हेल्पर व विद्युत कर्मियों की कमी है, जिस वजह से कोई भी फाल्ट होने पर व उसे सुधार पाने में कई दिन लग जाते हैं, कर्मचारी समय पर वहां तक पहुंची नहीं पाते हैं जिसके लिए उन्होंने तीन हेल्पर व 2 विद्युत कर्मी उपलब्ध कराने की मांग की है।

बता दें की बैकुंठपुर विधानसभा में ही विगत कई वर्षों से बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हैं, इस मामले में लगातार लोगों की शिकायत सामने आती रहती है। लोग सोशल मीडिया पर भी लगातार कटाक्ष करते नजर आते हैं। वहीं इस मामले में पक्ष विपक्ष श्रेय लेने की होड़ में भी लगा रहता है,एक नया ट्रांसफार्मर जैसे ही कहीं लगाया जाता है पक्ष विपक्ष फोटो खींचकर श्रेय लेने दौड़ पड़ते हैं,लेकिन इस समस्या की जड़ तक जाने का प्रयास किसी ने नहीं किला आज तक और न ही इसके लिए पहल ही की,पहली बार कांग्रेस नेता योगेश शुक्ला ने मामले में पूरी जानकारी प्राप्त कर उप मुख्यमंत्री को मामले से अवगत कराया है और कर्मचारियों की मांग उन्होंने की है। कर्मचारियों की उपलब्धता के बाद निश्चित ही कुछ हद तक बिजली व्यवस्था सुधर जायेगी ऐसी उम्मीद है वहीं अब नए ट्रांसफार्मर और नए केबल के लिए भी योगेश शुक्ला पहल करें ऐसा लोग चाहते हैं। अब देखना है की उप मुख्यमंत्री कितनी जल्दी समस्याओं को लेकर ध्यान देते हैं और समस्या निराकृत करते हैं।

# शार्दुल जिस तरह से गेंदबाजी करते हैं,उसके लिए उन्हें बहुत कम श्रेय मिलता है : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली,03 अगस्त 2023।** भारत की बल्लेबाजी इकाई ने सामूहिक रूप से प्रभावित करते हुए त्रिनिदाद में तीसरे और श्रृंखला-निर्णायक एकदिवसीय मैच में मेहमान टीम को वेस्टइंडीज पर 200 रनों की बड़ी जीत दिलाने और सीरीज 2-1 से जीतने में मदद की।

सलामी बल्लेबाज इशान किशन (77 रन, 64 गेंद, 8म4, 3म6) और शुभमन गिल (85 रन, 92 गेंद, 11म4) ने केवल 19.4 ओवर में 143 रन जोड़े। कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पांड्या (नाबाद 70 रन, 52 गेंद, 4म4, 5म6) और संजू सैमसन (51 रन, 41 गेंद, 2म4, 4म6) ने भारत को मेजबान टीम को 352 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य देने में मदद की। इसके बाद, वेस्टइंडीज को लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा और तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने 6.3 ओवर में 37 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि शाई होप की टीम 35.3 ओवर में केवल 151 रन पर आउट हो गई। दूसरे तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि स्पिनर कुलदीप यादव ने 25 रन देकर दो विकेट लिए।



जियोसिनेमा विशेषज्ञ आकाश चोपड़ा ठाकुर के प्रदर्शन से प्रभावित हुए, उन्होंने कहा, पिछले मैच में भी शार्दुल ने तीन विकेट लिए थे। वह जिस तरह से गेंदबाजी करते हैं उसके लिए उन्हें बहुत सीमित श्रेय मिलता है। मैं यह पता लगाने की कोशिश कर रहा हूं कि वह इतने विकेट कैसे लेता है और वह महंगा क्यों है, दोनों चीजें साथ-साथ चल रही हैं।


भारतीय गेंदबाजों में, ठाकुर के नाम 2019 विश्व कप के बाद से वनडे में सबसे ज्यादा विकेट हैं। उन्होंने अब तक खेले 32 मैचों में 48 विकेट लिए हैं, जो कि इतने ही मैचों में कुलदीप यादव से दो अधिक हैं। चोपड़ा ने समझाया, यदि आप तीन विकेट ले रहे हैं, तो इकोनॉमी के बारे में ज्यादा चिंता करने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि 300 का लक्ष्य होगा। वह प्रति ओवर 6 से अधिक रन नहीं देता, 6.1-6.2 होना चाहिए। वह जितनी गेंदें फेंकता है, उसे विकेट मिलने की संभावना बहुत अधिक होती है।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने आगे कहा, हम कहते हैं कि यह विकेट लेने वाली किस्मत है, लेकिन अगर आप शार्दुल को करीब से देखेंगे, तो उसकी विकेट लेने वाली किस्मत का कारण यह है कि वह उन क्षेत्रों में गेंदबाजी करता है और उसमें बहुत विश्वास है। अगर आप कभी उससे पूछें कि आप कितने अच्छे हैं? वह उत्तर देगा,'डेनिस लिली के बराबर!' उसमें यही आत्मविश्वास है और इसके लिए मैं उससे प्यार करता हूं।

## जन्मदिन विशेष

# भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार हैं सुनील छेत्री

## पूरी दुनिया में लहराया भारत का परचम



**नई दिल्ली,03 अगस्त 2023।** भारतीय फुटबॉल टीम के स्तर खिलाड़ी और कप्तान सुनील छेत्री आज यानी की 3 अगस्त को अपना 39वां बर्थडे मनाए। उन्होंने फुटबॉल खेल में कई बड़े रिकॉर्ड्स को अपने नाम किया है। छेत्री ने साल 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ अपने इंटरनेशनल कॅरियर की शुरूआत की थी। 18 साल के अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर में छेत्री ने फुटबॉल खेल में भारत का परचम पूरी दुनिया में लहराया है। सुनील छेत्री के शानदार रिकॉर्ड्स उनकी कड़ी मेहनत और फुटबॉल खेल को लेकर समर्पण को दिखाता है।

### जन्म और शिक्षा

बता दें कि भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री का जन्म 3 अगस्त 1984 को सिकंदराबाद में हुआ था। इनके पिता केबी छेत्री भारतीय सेना की टीम में खेलते थे। वहीं सुनील की माता सुशीला छेत्री नेपाल की राष्ट्रीय टीम में खेलती थीं। सुनील के पिता आर्मी में होने के कारण देश के कई हिस्सों में रहे। वहीं सुनील छेत्री ने अपनी स्कूली शिक्षा गंगटोक से पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के आर्मी पब्लिक स्कूल में शिक्षा हासिल की। सुनील ने कोलकाता में भी पढ़ाई की। बता दें कि 12वीं के बाद सुनील छेत्री ने पढ़ाई छोड़कर अपना पूरा फोकस फुटबॉल खेलने में लगाया। इस दौरान तक वह फुटबॉल के खेल में चमक चुके थे।

हालांकि इस बात को बहुत कम लोग जानते हैं कि सुनील छेत्री फुटबॉलर नहीं बनना चाहते थे। वह इसे सिर्फ अपने शौक के लिए खेलते थे। जिससे कि उन्हें किसी अच्छे कॉलेज में स्पोर्ट्स कोटे से दाखिला मिल जाए। लेकिन सुनील छेत्री की प्रतिभा को उनके शुरूआती कोच ने पहचान लिया था। जिसके बाद उन्होंने ही सुनील को फुटबॉल खेलने के लिए प्रेरित किया।

### कॅरियर में देखे उतार-चढ़ाव

भले ही आज वह भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार हैं। लेकिन सुनील ने अपने कॅरियर में कई उतार चढ़ाव देखे हैं। एक समय ऐसा भी था जब सुनील छेत्री को एक कोट ने नाकाम खिलाड़ी का टैग दिया था। साल 2012 में जब छेत्री पुर्तगाल के क्लब स्पोर्टिंग लिस्बन से जुड़े तो उस टीम के कोच ने सुनील की काफी बेइज्जती कर दी थी। कोच ने छेत्री की काबिलियत पर सवाल उठाया था और उनको टीम से टीम क्रमें भेजने के लिए कहा था।

इस क्लब के साथ सुनील छेत्री करीब 9 महीने तक जुड़े रहे। लेकिन इस दौरान उन्हें सिर्फ 5 मैच खेलने का मौका मिला। इसके बाद वह साल 2010 में अमेरिका के कन्सास सिटी विजार्ड्स से भी जुड़े। लेकिन एक साल बाद ही वह अपने देश भारत लौट आए। सुनील छेत्री ने भारतीय राष्ट्रीय टीम के अलावा अपने कॅरियर में मोहन बगान, बेंगलुरु एफसी के लिए भी खेल चुके हैं।

### पुरस्कार

भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री को अब तक कई अवॉर्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है। साल 2011 में सुनील छेत्री को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं साल 2019 में उन्हें पद्म श्री अवॉर्ड से नवाजा गया। इसके बाद साल 2021 में उनको मेजर ध्यानचंद खेल रत्न दिया गया।

### सन्यास को लेकर क्या बोले छेत्री

अब तक 142 मैच खेल चुके छेत्री ने कहा कि सन्यास लेने की कोई समयसीमा नहीं है। वह अपने मानदंड के बारे में जानते हैं। जब वह कड़ी ट्रेनिंग न कर पा रहे हों, या टीम के लिए योगदान न कर पा रहे हों, या फिर जब उन्हें ऐसा लगेगा कि वह टीम के लिए ठीक नहीं हैं, तो उस दिन वह खेल को अलविदा कह देंगें। सुनील छेत्री ने कहा कि फिलहाल उन्हें यह नहीं पता है कि वह कब सन्यास लेंगे।

## रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम में 16 अगस्त से इंडियन ऑयल पंजाब रैंकिंग टूर्नामेंट और 24 से

# जालंधर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप का होगा आयोजन

**जालंधर,03 अगस्त 2023।** रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम में 16 अगस्त से इंडियन ऑयल पंजाब रैंकिंग टूर्नामेंट और 24 अगस्त से जालंधर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप करवाई जा रही है। दोनों टूर्नामेंट जालंधर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन की तरफ से इंडियन ऑयल के सहयोग से करवाए जा रहे हैं। इस बारे में डीबीए के सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी श्री रितिन खन्ना ने बताया कि अंडर 15 और अंडर 17 खिलाडियों के लिए इंडियन ऑयल पंजाब रैंकिंग टूर्नामेंट 16 से 19 अगस्त तक चलेगा।?इसमें पंजाबभर के 600 खिलाड़ी भाग लेंगे। विजेताओं को सितंबर में बेंगलुरू में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।।?



डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन ने खिलाडियों के खाने का भी विशेष प्रबंध किया हुआ है। रितिन खन्ना ने बताया कि 24 अगस्त से 27 अगस्त तक होने वाली जालंधर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप में जालंधर के 500 से ज्यादा खिलाड़ी भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में 30 इवेंट होंगे। करीब 3 लाख के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

# ब्रॉड एशेज क्रिकेट के लिए ही पैदा हुआ है : नासिर हुसैन



**लंदन,03 अगस्त 2023।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने अपने खेल के शीर्ष पर रहते हुए संन्यास लेने के लिए स्टुअर्ट ब्रॉड की सराहना की है, क्योंकि अनुभवी तेज गेंदबाज ने अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने करियर का यादगार अंत किया।

ब्रॉड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन की समाप्ति पर श्रृंखला के अंत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा करके एक धमाका कर दिया।

सबसे लंबे प्रारूप में तेज गेंदबाज के रूप में 604 विकेट लेने के बाद, ब्रॉड आधुनिक टेस्ट क्रिकेट में सबसे महान खिलाड़ियों में से एक बन गए। यहां तक कि अपनी आखिरी सीरीज में भी उन्होंने 22 विकेट लिए, जो इस साल की एशेज में इंग्लैंड के किसी भी गेंदबाज के लिए सबसे ज्यादा है।

अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करते समय, ब्रॉड ने व्यक्त किया कि वह खेलना जारी रख सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

आईसीसी रिव्यू के नवीनतम एपिसोड में बोलते हुए, हुसैन ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज के समय पर कॉल करने के फैसले की सराहना की, जबकि वह अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर थे। ठीक है, यही बात है, हुसैन ने कहा। मुझे लगता है कि सेवानिवृत्ति है, आप चाहेंगे कि लोग पूछें, थोड़ा और क्यों नहीं?

आप तब रिटायर होते हैं जब लोग कहते हैं, आप रिटायर क्यों हो रहे हैं? बजाय इसके कि क्यों नहीं?

जब लोग यह कहना शुरू कर देते हैं कि आपको संन्यास ले लेना चाहिए, तो आप शायद कुछ ज्यादा ही आगे बढ़ गए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उन्होंने इसके लिए बिल्कुल सही समय तय किया है। दो दिन बाकी थे, स्काई (स्पोर्ट्स) में हमारे पास आए और कहा, हां, मेरा काम हो गया। और फिर उसके पास दो दिन थे।

लेकिन स्टुअर्ट के साथ एक बात, आप जानते हैं, क्योंकि उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की है, ऐसा नहीं है कि मैंने काम पूरा कर लिया है, मैं जाँच कर रहा हूँ। आप जानते हैं कि स्टुअर्ट ब्रॉड जीतना चाहेंगे। वह हमेशा विजेता रहे हैं।

यह बल्ले और गेंद दोनों से ब्रॉड के करियर का एक परीकथा जैसा अंत था।

बल्ले से अपनी आखिरी गेंद पर, उन्होंने मिशेल स्टार्क को छक्का लगाया, जिससे द ओवल में मौजूद अंग्रेजी भीड़ को काफी खुशी हुई।

फिर, आखिरी दिन आखिरी एशेज टेस्ट के निर्णायक क्षणों में ब्रॉड ने वैसा ही प्रदर्शन किया जैसा उन्होंने अपने 17 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में अक्सर किया है।

37 वर्षीय खिलाड़ी ने अंतिम दो विकेट लेकर इंग्लैंड के लिए एक यादगार मैच जीता और उन्हें श्रृंखला 2-2 से ड्रा कराने में मदद की।

हुसैन ने ब्रॉड के करियर के आखिरी कुछ पलों को याद किया.

हुसैन ने कहा, और आपके शुरुआती सवाल पर वापस जाएं तो क्या यह जीत है या यह मनोरंजन है? ब्रॉड इस बात पर सटीक बैठता है।

उन्हें थिएटर और मनोरंजन पसंद है। लेकिन उससे भी अधिक, उसे जीतना पसंद है। और स्क्रिप्ट अविश्वसनीय थी. आप जानते हैं, बाएं हाथ के खिलाड़ी स्ट्राइक पर हैं। वह पूरी तरह से बाएं हाथ के खिलाड़ी रहे हैं।

टेस्ट क्रिकेट में वह जिस आखिरी गेंद का सामना करता है, वह छक्का मारकर मैदान से बाहर चला जाता है। टेस्ट क्रिकेट में वह आखिरी गेंद फेंकता है, वह कैरी को आउट कर देता है।

आखिरी एशेज... वह एशेज क्रिकेट के लिए पैदा हुआ है। और उसने अपना आखिरी एशेज टेस्ट जीता है। ओवल में यह अविश्वसनीय दृश्य था।

# चार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों ने विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वॉलीफाई किया

**नयी दिल्ली ,03 अगस्त 2023।** भारत के चार पुरुष भाला फेंक खिलाड़ियों ने इस महीने के अंत में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो देश के एथलेटिक्स में बहुत कम देखने को मिला है लेकिन एक खिलाड़ी चोटिल है। ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने पहले ही 19 से 27 अगस्त तक होने वाली चैम्पियनशिप के लिए डायमंड लीग चैम्पियन होने के नाते वाइल्डकार्ड से क्वालीफाई कर लिया है। किशोर जेना ने भी विश्व रैंकिंग कोटा हासिल कर लिया है।



रोहित यादव और डीपी मनु ने भी विश्व चैम्पियनशिप में 36 भाला फेंक एथलीट की सूची में जगह बनायी। लेकिन रोहित की हाल में उनकी 'थ्रोइंग' बांह में सर्जरी हुई है और वह विश्व चैम्पियनशिप में नहीं खेल पायेंगे। एक देश प्रत्येक स्पर्धा में तीन एथलीट उतार सकता है लेकिन इनकी संख्या में इजाफा हो सकता है बशर्ते कोई वाइल्ड कार्ड के जरिये जगह बना ले।

# मेरे लिए बार्सा छोड़ना आसान नहीं होगा : पेड्री

**मैड्रिड ,03 अगस्त 2023।** एफसी बार्सिलोना के मिडफील्डर पेड्री के पास उस दिन क्लब के लिए अच्छी खबर थी जब कोच ज़ावी हर्नांडेज़ ने स्वीकार किया कि विंगर ओस्मान डेम्बेले ने कहा था कि वह पेरिस सेंट जर्मेन में शामिल होना चाहते थे।

स्पेन के 20 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पेड्री भी स्थानांतरण की अटकलों का विषय रहे हैं, जिसका आंशिक कारण बार्सा की खराब वित्तीय स्थिति है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह लास वेगास में एसी मिलान पर 1-0 की जीत के बाद छोड़ने पर विचार करेंगे, तो वह अपने भविष्य के बारे में स्पष्ट थे।

मैं उन प्रस्तावों पर नज़र रखता हूं जो मेरे पास आते हैं, लेकिन वे मेरे प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त किए जाते है। उन्होंने यह कहने से पहले स्वीकार किया, मुझे इस क्लब को छोड़ने के लिए कई चीजें करनी होंगी। यह बहुत बुरा और बहुत अप्रिय होगा।

मुझे लगता है कि इसकी बहुत संभावना नहीं है (मैं इसे छोड़ना चाहूंगा), बार्सा मेरे सपनों का क्लब है और मैं कई और वर्षों तक क्लब में रहना चाहता हूं।

सर्जियो बसक्वेट्स और जोर्डी अल्बा जैसे खिलाड़ियों के जाने का मतलब है कि पेड्री पर इस सीज़न में मिडफ़ील्ड में अधिक ज़िम्मेदारी होगी, लेकिन वह गिरोना से ओरिओल रोमू के आगमन और मैनचेस्टर सिटी से फ्री ट्रांसफर पर इल्के गुंडोगन के हस्ताक्षर को देखकर प्रसन्न थे।

उन्होंने कहा, गुंडोगन को प्रशिक्षण लेते देखना अविश्वसनीय है। मैंने पहले ही गिरोना में ओरिओल को देखा था और वह मुझे बसक्वेट्स की जगह लेने के लिए एक बहुत ही उपयुक्त फुटबॉलर लगता है।

# फिल्म चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन की पहली झलक आई सामने






बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने इंडस्ट्री में अपने काम के दम पर खास पहचान बनाई है। बॉलीवुड इंडस्ट्री में कार्तिक आर्यन की गिनती टॉप के एक्टर्स में की जाती है और उनके साथ तमाम डायरेक्टर्स काम करना चाहते हैं। बीत दिनों कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया के जरिए बताया था कि वह डायरेक्टर कबीर खान के साथ चंदू चैंपियन नाम की फिल्म करने जा रहे हैं और इसकी कहानी स्पोर्ट्स ड्रामा है। अब कार्तिक आर्यन ने अपनी इस फिल्म से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया है। फिल्म चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन का लुक फैंस को पसंद आ रहा है।

कार्तिक आर्यन ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी फिल्म चंदू चैंपियन से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया है। कार्तिक आर्यन ने इस फिल्म के नया लुक लिया है और फर्स्ट लुक पोस्टर में आप देख सकते हैं कि वह एक खिलाड़ी के रूप में नजर आ रहे हैं। कार्तिक आर्यन ने फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर के साथ लिखा है, जब आपके सीने पर भारत लिखा है तो ये एक अलग अहसास होता है। एक रियल हीरो की भूमिका निभाने पर गर्व है। एक आदमी जो हार मानने से इनकार करता है। फिल्म चंदू चैंपियन में कार्तिक आर्यन के फर्स्ट लुक को फैंस पसंद कर रहे हैं और रिएक्शन दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा है, एक और सुपरहिट फिल्म आने वाली है। एक फैन ने लिखा है, हमारा हीरो रियल हीरो बनेगा। एक फैन ने लिखा है, फिल्म चंदू चैंपियन का इंतजार नहीं कर सकते। एक फैन ने लिखा है, काफी प्यारा लुक है।कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का डायरेक्शन कबीर खान करने वाले हैं। वहीं, इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस करेंगे। कार्तिक आर्यन की इस फिल्म को 14 जून, 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म में अच्छे वीएफएक्स देखने को मिलेंगे। कार्तिक आर्यन के वर्क फ्रंट की बात की जाए तो वह फिल्म चंदू चैंपियन के अलावा फिल्म आशिकी 3 और फिल्म कैप्टन इंडिया जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। कार्तिक आर्यन की पिछली बार फिल्म सत्यप्रेम की कथा में नजर आए थे।

# जंपसूट में हिना खान ने शेयर किया ग्लैमरस अवतार,कातिलाना अंदाज देख फैंस हुए मदहोश



टीवी एक्ट्रेस हिना खान हमेशा अपनी बोल्ड और ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को अपनी ओर रिझाना बखूबी से जानती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बना दिया है। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। एक्ट्रेस हिना खान फैशन आइकॉन हैं और आए दिन अपनी बोल्ड लुक्स की तस्वीरों से सोशल मीडिया का पारा गर्म कर रही हैं। हालिया फोटोशूट की तस्वीरों में एक्ट्रेस हिना खान ने जंपसूट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं। हिना खान ने अपनी इन तस्वीरों में एक से बढ़कर एक स्टनिंग लुक्स में पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस देखकर फैंस उनकी हर एक कातिलाना अदाओं पर अपना दिल हार गए हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग जमकर लाइक्स करते हैं। ओपन हेयर और ग्लॉसी मेकअप कर के एक्ट्रेस हिना खान ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। हिना खान जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो फैंस उनकी हर एक लुक को काफी फॉलो करते हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

# राजपाल यादव की नॉनस्टॉप धमाल का पहला पोस्टर जारी




राजपाल यादव की फिल्म नॉनस्टॉप धमाल पिछले कुछ वक्त से लगातार चर्चा में है।इसमें अन्नू कपूर, असरानी, मनोज जोशी, प्रियांशु चटर्जी, वेरोनिका वानीज और जियोर्जिया एंड्रियानी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। अब निर्माताओं ने नॉनस्टॉप धमाल का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें सभी सितारे मस्ती-भरे अंदाज में दिखाई दे रहे हैं।इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है।नॉनस्टॉप धमाल 18 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।इसका निर्देशन इरशाद खान द्वारा किया जा रहा है, जबकि सुरेश गोंडालिया फिल्म के निर्माता हैं। इसकी कहानी भी इरशाद ने लिखी है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नॉनस्टॉप धमाल की कहानी बॉलीवुड के पीछे की फिल्मी दुनिया पर आधारित होगी, जिसमें सभी कलाकार हास्य का तड़का लगाते नजर आएंगे।इसके अलावा आने वाले दिनों में राजपाल ड्रीम गर्ल 2 और काम चालू है में नजर आएंगे।

# गन्स एंड गुलाब्स का ट्रेलर जारी,राजकुमार राव का दिखा धाकड़ अंदाज

राजकुमार राव पिछले कुछ वक्त से अपनी वेब सीरीज गन्स एंड गुलाब को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।इसका निर्देशन जानी-मानी निर्देशक जोड़ी राज निदिमोरू और कृष्णा डीके ने किया है। अब निर्माताओं ने गन्स एंड गुलाब का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें सभी कलाकारों के अंदाज ने सीरीज के लिए दर्शकों की उत्सुकता को और ज्यादा बढ़ा दिया है। गन्स एंड गुलाब नेटफ्लिक्स पर आएगी। यह सीरीज 18 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

नेटफ्लिक्स इंडिया ने ट्विटर पर गन्स एंड गुलाब का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, अपनी पिस्तौल तैयार रखें क्योंकि इससे ज्यादा रोमांस, कॉमेडी और एक्शन कहीं नहीं मिलेगा। गन्स एंड गुलाब्स क्राइम-रोमांटिक-ड्रामा सीरीज है। इसमें राजकुमार के अलावा दुलकर सलमान, गुलशन देवैया और आदर्श गौरव जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।इसकी कहानी सुमन कुमार ने लिखी है।




गन्स एंड गुलाब्स क्राइम-रोमांटिक-ड्रामा सीरीज है। राज और डीके द्वारा निर्मित इस वेब शो में अभिनेता राजकुमार राव, पानाधारी टीपू की भूमिका में नजर आने वाले हैं। मोशन पोस्टर में अभिनेता अपने लुक और अंदाज से 90 के दशक की याद दिला रहे हैं। पोस्टर को साझा करते हुए नेटफ्लिक्स इंडिया ने कैप्शन में लिखा है, पाना लेकर आ रहा हूं, दिलों पर राज करने। स्वागत तो करोगे ना? गन्स एंड गुलाब का धमाकेदार ट्रेलर, सिर्फ तीन दिनों में आपके पास आ रहा है।

गन्स एंड गुलाब्स वेब सीरीज में राजकुमार राव का किरदार टीपू अपने प्यार और दोस्ती के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहता है। वहीं, इस मोशन पोस्टर ने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। इसे देखने के बाद फैंस उनके शक्तिशाली और आकर्षक व्यक्तित्व को एक्शन में देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। यह शो पानाधारी टीपू के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसे बहुमुखी अभिनेता राजकुमार राव ने निभाया है।

# पोस्टिंग स्केम पर बीजेपी का तंज,मौन है सरकार

» भ्रष्टाचार में और कौन-कौन है

» नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने शिक्षा विभाग में पदस्थापना पर क्या कहा

**रायपुर,03 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा है कि शिक्षा विभाग में पदस्थापनाओं को लेकर हुई कार्रवाई के बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार के राज का एक और नया प्रमाणित भ्रष्टाचार सामने आया है। अब तक इस मामले में दोषी पाए गए अधिकारियों पर हुई कार्रवाई को अपर्याप्त बताते हुए श्री चंदेल ने कहा कि यह पता लगाया जाए कि इन अधिकारियों को किन लोगों का संरक्षण था? क्या उन लोगों का पता लगाकर प्रदेश सरकार उन लोगों पर कार्रवाई करने का साहस दिखाएगी, जिनके संरक्षण में इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। छत्तीसगढ़ विधानसबा में नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने कहा कि पदस्थापना आदेश में संशोधन करने के इस बेहद गंभीर मामले के परिप्रेक्ष्य में अब तक हुई तमाम पदस्थापनाओं की पूरी जाँच कराई



जाए और यह भी पता लगाया जाए कि इस पूरे भ्रष्टाचार में कितने रुपयों का लेन-देन हुआ है?

प्रदेश सरकार इस मामले के सारे तथ्यों को सार्वजनिक करे। श्री चंदेल ने कहा कि यह बेहद गंभीर और प्रदेश के शर्मनाक विषय है कि शिक्षा विभाग की पदस्थापना में लेन-देन, कमीशन, करप्शन को लेकर करीब एक दर्जन से अधिकारियों के निलंबन की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि इस कार्रवाई के बाद अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं कि भ्रष्टाचार का यह खेल पता नहीं, कितने सालों से चल रहा है? कौन-कौन इसमें शामिल हैं? भाजपा प्रदेश सरकार से मांग करती है कि जितने भी प्रकरण इस तरह के प्रकाश में आए हैं, जितनी भी पदस्थापनाएँ कांग्रेस शासनकाल के इन पौने पाँच सालों में हुई हैं, सबकी उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जाँच कराई जाए। श्री चंदेल ने कहा कि जिन लोगों को भ्रष्टाचार के इस मामले में दोषी पाया जाए, उनके खिलाफ सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाए।

## एसआई-सूबेदार-प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा के लिए साक्षात्कार 17 से

**रायपुर,03 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में एसआई, सूबेदार और प्लाटून कमांडर भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा संपन्न होने के बाद पात्र अभ्यर्थियों की सूची घोषित कर दी गई है। पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 17 अगस्त से प्रारंभ होगा। इसके लिए कुल 1378 अभ्यर्थी पात्र पाए गए हैं। विदित हो कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में कुल 4390 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इन अभ्यर्थियों में से कुल 1378 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए चयनित हुए हैं। बताया जा रहा है कि, चयनित छात्रों का साक्षात्कार दिनांक 17.08.2023 से रायपुर में आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार के लिए प्रवेश-पत्र दिनांक 10.08. 2023 के बाद पुलिस मुख्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकेगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने का दिनांक, समय, स्थान और अन्य जानकारी प्रवेश पत्र में ही दिया जाएगा।

## रिश्वतखोर पटवारी सस्पेंड




**सारंगढ़ , 03 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के सारंगगढ़ जिले में घूसखोर पटवारी सस्पेंड कर दिया गया है।
सारंगढ़ के पटवारी आशीष बेहार का पिछले दिनों रिश्वत लेते वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर कलेक्टर ने पटवारो को सस्पेंड का आदेश दिये हैं। वहीं पटवारी के खिलाफ एसडीएम मोनिका वर्मा ने जांच के आदेश भी दिये हैं। जानकारी के मुताबिक किसान से 1 हजार रुपये रिश्वत लेते वीडियो वायरल हुआ था। वायरल हुए वीडियो में पटवारी पैसा लेते दिख रहे थे।
सोशल मीडिया पर रिश्वतखोर पटवारी आशीष बेहार किसान से पावती कटवाने के नाम पर पांच हजार रूपए का रिश्वत की मांग करते नजर आ रहे हैं। बाद में मामला एक हजार रुपये में फइनल होता है। एक हजार रूपए लेते वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# छत्तीसगढ़ के 4 जिलों में फिर ईडी की धमक

**इस बार व्यवसायी हैं रडार पर**

**रायपुर ,03 अगस्त 2023 (ए)।** विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही केंद्रीय जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। छत्तीसगढ़ में फिर एक बार ईडी द्वारा रेड की खबरे सामने आ रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी की टीम 4 जिले रायपुर, अंबिकापुर, कोरबा और धमतरी पहुंची है।
ऐसी खबरें हैं कि ईडी इस बार बड़े-बड़े व्यवसायियों के घर पहुंची है। सूत्रों के अनुसार राजधानी रायपुर के कचना क्षेत्र में ईडी की जांच जारी है।मिली जानकारी के अनुसार, ईडी की छह सदस्यीय टीम कोरबा के सीतामढ़ी निवासी पान गुटखा के थोक व्यवसाई शिव अग्रवाल के साथ अन्य व्यापारी




रूढ़मल अग्रवाल के घर सुबह 4 बजे पहुंची।
वहीं धमतरी में भी ईडी द्वारा दो व्यापारियों के ठिकानों पर छापा मारे जाने की खबर है। इनमें से एक राइस मिलर, दूसरा ठेकेदार बताया जा रहा है। ईडी के अंबिकापुर में भी व्यापारियों के ठिकानों पर छापा मारने की खबर सामने आ रही है। छापामारी के बीच ऐसी भी खबरे हैं ईडी ने बीजापुर जिला प्रशासन को पत्र लिखकर डीएफएफ फंड का ब्यौरा मांगा है।
बता दें कि राज्य में कांग्रेस हमेशा से ही ये कहती आई है कि केंद्र की मोदी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। इतना ही नहीं छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेस बघेल पहले ही ये बयान दे चुके हैं कि ईडी की टीम चुनाव के करीब आने पर और परेशान करेगी।

## पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह एम्स में हुए भर्ती

**रायपुर , 03 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह इन दिनों स्वास्थ्यगत कारणों से दिल्ली एम्स में भर्ती हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है।



जिसके अनुसार वे कुछ दिन से दिल्ली में हैं और आज रूटीन चेकअप के लिए दिल्ली एम्स गए थे।वहां डॉक्टरों ने उन्हें एहतियात के तौर पर भर्ती कर लिया है। हालांकि डॉ. रमन सिंह ने यह भी जानकारी दी है कि उनका स्वास्थ्य ठीक है।

# दृष्टिबाधित एथलीट ईश्वरी का एशियन पैरा एथलेटिक्स में चयन

**चाइना में करेंगी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन**

**रायपुर,03 अगस्त 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले की बेटी दृष्टिबाधित ईश्वरी निषाद ने चाइना के हांगझू में आगामी 22 अक्टूबर से आयोजित एशियन पैरा एथलेटिक्स खेल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस उपलब्धि पर समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया ने कुमारी ईश्वरी निषाद को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बता दें कि कुमारी ईश्वरी को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए राज्य स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका है। दृष्टिबाधित कुमारी ईश्वरी निषाद लगातार राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय पैरा



एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। ईश्वरी ने 25 व 26 जुलाई 2023 को नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित फायनल सलेक्शन पैरा एथलेटिक्स एशियन गेम ट्रायल में भाग लिया। वह 200 मीटर की दौड़ में भारत में प्रथम स्थान पर और एशियन रैंक में 5वें स्थान पर रहीं। साथ ही वह 400 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए एशियन रैंक में 7वें स्थान पर रहीं। कुमारी ईश्वरी फॉर्चुन नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमापटपर (बागबाहरा) की पूर्व छात्रा रही हैं। इसी दौरान उन्होंने पैरा एथलेटिक्स खेलों में भाग लेना शुरू किया था।



## वेटलिफ्टर बेटी बनी पुलिस विभाग में सहायक उप निरीक्षक

**रायपुर,03 अगस्त2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निभाया अपना वादा छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की ग्राम भोड़िया पोस्ट सिंद्योला निवासी लाड़ली बेटी वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव बनी छत्तीसगढ़ पुलिस में सहायक उप निरीक्षक प्रशासन ने नियुक्ति आदेश जारी किया।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रीस में आयोजित आईडब्ल्यूएफ जूनियर वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन रजत पदक जीतने वाली छत्तीसगढ़ की बेटी को अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 90 विधानसभा की यात्रा से खुलेगा सत्ता का रास्ता!

**1 सितंबर से जनता के द्वार पहुंचेंगे भाजपाई**

**रायपुर,03 अगस्त 2023 (ए)।** विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही भारतीय जनता पार्टी एक्टिव मोड में आ गई है। पार्टी के शीर्ष नेता लगातार बैठकें ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ में वापसी के लिए भाजपा हर मुमकिन कोशिश में जुट गई है।
ऐसी खबरे हैं कि भाजपा बस्तर और सरगुजा संभाग से चुनावी यात्रा करने जा रही है। दोनों ही यात्राएं एक साथ दोनों संभागों में आरंभ होंगी। इसी के साथ भाजपा के नेता 15 दिन में सभी 90 विधानसभाओं का भ्रमण करेंगे। हालांकि इस यात्रा का नाम क्या होगा इसकी जानकारी फिलहाल नहीं है। । अभी इसका



संभावित नाम विजय संकल्प यात्रा बताया जा रहा है। यह यात्रा 1 सितंबर से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलेगी। इसमें प्रदेश के हर छोटे-बड़े नेता को शामिल होंगे। बुधवार को भाजपा के सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक ली गई थी। इस बैठक में मोर्चा पदाधिकारियों को आगामी चुनाव में भाजपा की विजय सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने टास्क भी दिए गए थे।
इतना ही नहीं बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी है कि विधानसभा चुनाव लड़ने वाले जिलाध्यक्षों को पद का मोह त्यागना होगा। मगर इस दौरान सर्वे में जो नाम शीर्ष पर चल रहे हैं उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। यह निर्णय भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और चुनाव प्रभारी ओम माथुर ने मिलकर लिया है। इस बैठक में प्रदेश के सहप्रभारी नितिन नबीन, अरुण साव, लता उसेंडी, अजय जमवाल, नारायण चंदेल, विष्णुदेव साय,धरमलाल कौशिक, गौरीशंकर अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य नेता भी शामिल हुए।

## नक्सलियों ने प्रेस नोट में किया चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान

**दोनों पार्टियों को बताया जनविरोधी**

**बीजापुर ,03 अगस्त 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में इस साल होने वाली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में राजनीती गर्मी हुई है। इसी बीच बीजापुर के नक्सलियों ने सरकार के खिलाफ एक प्रेस नोट जारी किया है। इस प्रेस नोट में उन्होंने भाजपा और कांग्रेस सरकार पर टिप्पणी करते हुए विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। माओवादियों ने इस प्रेस नोट में कांग्रेस सरकार के वादा खिलाफ के भी आरोप लगाए हैं। नक्सलियों ने इस प्रेस-नोट में कांग्रेस भाजपा को जनविरोधी बताया है।

# करोड़ों की लागत से तैयार रेलवे अंडर ब्रिज लोगों के लिए बना सिर दर्द

**बिलासपुर ,03 अगस्त2023(ए)।** करोड़ों की लागत से चुचुहियापारा से शंकर नगर की ओर जाने वाले रेलवे क्रॉसिंग पर बनाए गए अंडर ब्रिज का बुरा हाल है। दरअसल यहां पानी निकासी के लिए जगह नहीं होने के चलते यहां हल्की सी बारिश में अंडर ब्रिज में घुटने तक का पानी भर जाता है। इसी तरह लगातार 48 घंटे से हो रही बारिश के चलते यहां के अंडर ब्रिज में घुटने तक का पानी भर गया अंडर ब्रिज में जलभराव की स्थिति निर्मित होने के चलते 2 दिनों से यातायात करने वाले राहगीरों का बुरा हाल है। जबकि रेल अफसरों को अच्छे से जानकारी है कि इस अंडर ब्रिज के माध्यम से साइकिल सवार बाइक सवार से लेकर 4 पहिया वाहन सवारों तक का आवागमन होता है। कुल मिलाकर लाइन उस पार क्षेत्र को जोड़ने वाला यही एकमात्र अंडर ब्रिज है। जहां से सिरगिट्टी धूमा सिलपहरी सूचिया पारा गणेश नगर अन्नपूर्णा कॉलोनी नयापारा सहित बड़ी संख्या में रेल कर्मियों व स्कूली बच्चों का आवागमन होता है।



जब से यहां पानी भरा है यातायात बाधित हो ही रहा है, साथ ही जो अपने रिस्क में जलमग्न अंडर ब्रिज से यातायात कर रहे हैं, वह हादसे का भी शिकार हो रहे हैं। इसको लेकर रेलवे के प्रति क्षेत्रवासियों में जमकर आक्रोश बना हुआ है। हमारे कैमरे में कैद इस तस्वीर को आप खुद देख सकते हैं कि जिस पम्प को पानी निकासी के लिए रेलवे के गैर जिम्मेदार अफसरों ने देकर रेलकर्मियों को भेजा है वे देर दोपहर तक शुरू नही हो सकी। हालांकि इसके बावजूद कर्मचारी जद्दोजहद करके इसे जैसे तैसे शुरू करने का प्रयास कर रहे है।



# 9 महीने जेल में सजा काटने के बाद अब ग्रामीण पोडियाम भीमा को हाईकोर्ट से लगा तगड़ा झटका

**बिलासपुर ,03 अगस्त 2023 (ए)।** बिना अपराध 9 माह तक जेल की सजा काटने वाले सुकमा के ग्रामीण पोडियाम भीमा को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। मालूम हो कि सुकमा पुलिस ने सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान नक्सल प्रभावित मीनपा गांव से पोडियाम भीमा को इनामी नक्सली बताकर गिरफ्तार कर लिया था। बेकसूर भीमा पोडियम और ग्रामीण पुलिस को समझाने की कोशिश करते रहे कि वह नक्सली नहीं है लेकिन पुलिस के रिकॉर्ड में भीमा पोडियम नाम का एक नक्सली दर्ज था। थाने में लाकर उसकी पिटाई भी की गई और कबूल कराया गया कि वही नक्सली भीमा पोडियाम है। ग्रामीण करीब 9 माह तक जेल में सजा काटता रहा। इस बीच मार्च 2022 में असली पोडियम भीमा ने अपने अन्य साथियों के साथ दंतेवाड़ा कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद पुलिस के कान खड़े हुए क्योंकि उसका मानना था कि वह तो पहले ही पोडियम भीमा को गिरफ्तार कर जेल में डाल चुकी है। हाईकोर्ट में बीमा पोडियाम की ओर से अधिवक्ता बीचेम पोंदी और प्रवीण धुरंधर ने उपरोक्त तथ्य रखते हुए याचिका दायर की। कुछ महीने पहले इसकी सुनवाई हुई थी जिसमें हाईकोर्ट में तुरंत बेकसूर ग्रामीण को जेल से रिहा करने का आदेश दिया था। अब इस मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने निर्दोष ग्रामीण बीमा पोडियाम को एक लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश सरकार को दिया है। साथ ही, उसकी गिरफ्तारी के लिए दोषी पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)